इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -163 राजनांदगांव, मंगलवार 30 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए













# 'पांच साल, पांच प्रधानमंत्री' : मोदी ने इंडिया समूह पर किया कटाक्ष

सोलापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडिया समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह (इंडिया समूह) सत्ता में आए, तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा, एक तरफ मोदी है, जिसका 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडिया समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर एक जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग 'पांच साल, पांच प्रधानमंत्री' का फॉर्मूला लेकर आए हैं।



उन्होंने सवाल किया, आपने नकली शिवसेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश 'पांच साल, पांच प्रधानमंत्री' जैसे फॉर्मूले से चल सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस चुनाव में आपको अगले पांच वर्षों के लिए विकास की गारंटी या 2014 से पहले देश को कथित तौर पर भ्रष्टाचार, आतंकवाद और कुशासन की खाई में धकेलने वालों के बीच चयन करना होगा। उन्होंने कहा कि अपने कथित दागी इतिहास के बावजूद कांग्रेस एक बार फिर देश की सत्ता पर कब्जा करने का सपना देख रही है। उन्होंने दावा किया, देश में अपने 60 साल के शासन में कांग्रेस ने लगातार अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एससी, एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों के हर अधिकार में अडचन डालने का प्रयास किया, लेकिन मोदी जी का आपसे जुड़ाव दिल से है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा, हमने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। चिकित्सा की परीक्षाओं में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू किया गया है।

गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में हमने मराठी जैसी भारतीय भाषाओं का विकल्प दिया, ताकि गरीब, एससी/एसटी/ओबीसी युवाओं के सपने भी पूरे हो सकें। उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, जिस तरह से कांग्रेस ने दशकों तक एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों को धोखा दिया, उससे तंग आकर उन्होंने खुद को कांग्रेस और इंडिया समूह दोनों से पूरी तरह से दूर कर लिया है। यही कारण है कि ये लोग लगातार झूठ फैला रहे हैं कि हम संविधान बदल देंगे और आरक्षण ख़त्म कर देंगे। मैं पहले ही कह चुका हूं कि अगर बाबा साहब (अंबेडकर) खुद आकर कहते कि आरक्षण खत्म करो, संविधान बदलो, तब भी ऐसा नहीं होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अंकगणित से नहीं सरकार के प्रयास से तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत, चिदंबरम के अर्थव्यवस्था वाले बयान पर बरसीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था की तरक्की पर हाल ही में दिए गए कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के बयान पर सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जमकर बरसीं। विशाखापत्तनम में आयोजित एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा कि अंकगणितीय अनिवार्यता से नहीं बल्कि सरकार के प्रयास से भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

कांग्रेस नेता चिदंबरम ने हाल ही में कहा था कि प्रधानमंत्री कोई भी बने इस समय जहां अर्थव्यवस्था है, उसके बाद भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा ही। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार के दौरान कई बार यह कह चुके हैं कि पिछले 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था को हमने पांचवें स्थान पर ला दिया और अब यह मोदी की गारंटी है कि तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

सीतारमण ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले का दस साल पूर्ण रूप से खोया हुआ दशक था। तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी। उन्होंने कहा कि विकास के लिए भारत को स्थिर सरकार की जरूरत है। कुछ भी अपने आप नहीं हो जाता है, प्रयास से ही विकास होता है। सीतारमण ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री विकास को लेकर ऐसी धारण बनाना चाहते हैं जो पूरी तरह से असत्य है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले के दस सालों में खराब नीति, व्यापक रूप से फैले हुए भ्रष्टाचार से अर्थव्यवस्था असल में वर्ष 2004 की स्थिति से भी नीचे चली गई थी। उन्होंने कहा कि जीडीपी रैंकिंग और प्रति व्यक्ति आय के साथ देश की छवि भी बहुत मायने रखती है, अगर किसी परिवार की आय ठीक-ठाक नहीं है तो उस परिवार के सभी सदस्यों की जरूरतें पूरी नहीं की जा सकतीं। वैसे ही, देश का जीडीपी अधिक नहीं होगा तो अर्थव्यवस्था की मांग पूरी नहीं की जा सकती है।

## आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला : ईडी के सभी दफ्तरों पर होगी सीआईएसएफ की तैनाती

नई दिल्ली (आरएनएस)। ईडी ने बीते दिनों घोटाले से जुड़े मामलों में अपनी कार्रवाई तेज की है, जिसको लेकर ईडी की टीम पर राजनीतिक दलों के समर्थकों द्वारा हमले की खबरें भी सामने आ रही हैं। अब ईडी की लगातार बढ़ती सक्रियता और खतरे को देखते हुए रेगुलर बेसिस टीम के साथ ष्ट्बढ्ढस्स्न को तैनात किया जाएगा।



जानकारी के मुताबिक ईडी की लगातार बढ़ती सक्रियता और टीम पर खतरे को देखते हुए देशभर में ईडी के ऑफिसों पर रेगुलर बेसिस पर सीआईएसएफ को तैनात किया जाएगा। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में ईडी ऑफिस और उनके अधिकारियों पर बढ़ रहे खतरे को देखते हुए और आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के आधार पर गृह मंत्रालय ने ये फैसला लिया है।

जानकारी के अनुसार, शुरुआत में कोलकाता, रांची, रायपुर, मुम्बई, जालंधर, जयपुर कोच्चि के साथ-साथ दूसरी जगहों पर स्थित ईडी ऑफिस पर सीआईएसएफ फोर्स को तैनात किया जाएगा। बता दें कि जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भीड़ ने ईडी की टीम पर हमला किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ममता सरकार को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सीबीआई जांच पर रोक लगा दी है। दरअसल, शीर्ष अदालत 25,753 शिक्षकों की नियुक्ति को अमान्य करने वाले कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



### 6 मई को होगी अगली सुनवाई

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 6 मई को सुनवाई करेगी।

पीठ ने कहा, %हम उस निर्देश पर रोक लगाएंगे जिसमें कहा गया है कि सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ आगे की जांच करेगी।

### मनमाने ढंग से किया रद्द- राज्य सरकार की अपील


बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा था कि सीबीआई अवैध नियुक्तियों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त पद के सृजन को मंजूरी देने में राज्य सरकार में शामिल व्यक्तियों के संबंध में आगे की जांच करेगी। इसमें कहा गया था कि अगर आवश्यक हुआ तो सीबीआई इसमें शामिल ऐसे लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी। आदेश को चुनौती देते हुए, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी अपील में कहा कि उच्च न्यायालय ने नियुक्तियों को 'मनमाने ढंग से' रद्द कर दिया।

### याचिका में क्या था?

याचिका में कहा गया कि 'उच्च न्यायालय पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द करने के प्रभाव को समझने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप याचिकाकर्ता राज्य को ऐसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त समय दिए बिना, तत्काल प्रभाव से शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को सीधे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया, जिससे शिक्षा व्यवस्था ठप है।

## देश को मजबूर नहीं मजबूत नेतृत्व चाहिए : अमित शाह

बेगूसराय (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंत्रिमंडल में सहयोगी और बेगूसराय से भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश को मजबूर नहीं मजबूत नेतृत्व चाहिए, जो देश को आगे ले जा सके।



उन्होंने कहा कि जब आपने 300 सीटें दी तो हमने 370 हटाया। इस बार 400 सीट दीजिए नरेंद्र मोदी दुनिया में देश को नंबर वन बनाने का काम करेंगे। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश को दुनिया में नंबर तीन का अर्थ तंत्र बनाना और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देना। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि वे जब वापस आएंगे तो ट्रिपल तलाक लाएंगे। मैं देशवासियों से पूछना चाहता हूं कि क्या इस देश में ट्रिपल तलाक रहना चाहिए? ये कहते हैं कि हम वापस आएंगे तो मुस्लिम पर्सनल लॉ लाएंगे। लालू यादव जी आपको वापस आना भी नहीं है और पर्सनल लॉ आना भी नहीं है। पूरे देश में यूसीसी लागू करने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि चारा चुराने वाली सरकार जाने के बाद नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बिहार, कम्युनिस्टों की कृपा से नक्सलवाद से पीड़ित था, सैकड़ों युवा मारे गए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'शुरुआती दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को मिली है बढ़त', खरगे ने किया बड़ा दावा

यादगिर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांधी परिवार को गाली दे रहे हैं क्योंकि उनके पास श्रेय लेने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। यादगिर जिले के गुर्मत्कल कस्बे में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए खरगे ने दावा किया कि शुरुआती दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को बढ़त मिली है जिससे मोदी चिंतित हैं।



खरगे के दामाद राधाकृष्णा डोड्डामणि कलबुर्गी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां पर सात मई को मतदान होगा और गुर्मत्कल इस निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि इस देश में मोदी के जन्म से पहले और बाद में क्या था, लेकिन वह अभी तक जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, लालबहादुर शास्त्री, राजीव गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मुझे गाली देते हैं क्योंकि उनके पास श्रेय के लिए कुछ भी नहीं है।

### मोदी हताशा में कहते हैं कि...

खरगे ने कहा कि मोदी हताशा में कहते हैं कि कांग्रेस हर किसी की संपत्ति छीनकर उसे मुसलमानों के बीच बांट देगी। यह न तो संविधान में लिखा है और न ही हमारे घोषणापत्र में इसका कहीं उल्लेख है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने केवल यह कहा है कि वह गरीबों को उनका वाजिब हक देगी लेकिन कभी भी हिंदू-मुस्लिम के बारे में बात नहीं की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली पुलिस के नोटिस पर सीएम रेवंत बोले - हम डरने वाले नहीं, यह चुनाव जीतने के लिए पीएम का नया पैंतरा

बंगलुरू। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को तलब किया है। नोटिस पर उन्होंने कहा कि वे इससे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक चुनाव जीतने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करते थे लेकिन अब वे दिल्ली पुलिस का भी इस्तेमाल करने लगे हैं।



### रेड्डी- हम लोग जवाब देते हैं

कर्नाटक के सेडम में एक रैली को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया गया था। इस वजह से दिल्ली पुलिस के जवान नोटिस लेकर तेलंगाना कांग्रेस दफ्तर पहुंच गए। वे तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने आए थे। इसका क्या मतलब है, अब पीएम मोदी चुनाव जीतने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल करेंगे। ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई खत्म हो गए हैं क्या। यहां कोई डरने वाला नहीं है। हम ऐसे लोग हैं, जो जवाब देते हैं। तेलंगाना और कर्नाटक चुनाव में भाजपा को निश्चित रूप से हार मिलेगी।

### प्रियंका गांधी ने भी साधा निशाना

रैली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल हुई थीं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जमानत के लिए निचली अदालत में क्यों नहीं गए अरविंद केजरीवाल: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली आबकारी नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि मुख्यमंत्री ने निचली अदालत में जमानत की अर्जी क्यों नहीं दायर की। केजरीवाल की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी गैर कानूनी होने के कारण जमानत के लिए अर्जी दायर नहीं की गई थी। दरअसल केजरीवाल ने ईडी की तरफ से की गई गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच कर रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा कि आपने ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है, जिसके जवाब में केजरीवाल के वकील एमएम सिंघवी ने कहा है कि वो जमानत के लिए नहीं है।

## मोदी जी के पिटारे में अभी देश के विकास के लिए बहुत कुछ - विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का चुनावी अभियान जोर-शोर से जारी है। भरी गर्मी में मुख्यमंत्री रोजाना 3-3 जनसभाएं कर रहे हैं, भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान की बात कर रहे हैं।



सरगुजा के बलरामपुर, कोरबा के करतला और मुंगेली के रोहरा में आए जनकुम्भ के बीच कांग्रेस को आडे हाथों लिया। कांग्रेस द्वारा गृह मंत्री अमित शाह की वीडियो को तोड़-मरोड़ कर पेश किये जाने पर श्री साय कांग्रेस पार्टी पर जम कर भड़के। उन्होंने कांग्रेस को मुद्दाविहीन बताते हुए तरह-तरह के भ्रम फैलाने की बात कही और उसे बहुत बडी षड़यंत्रकारी पार्टी बताया। सरगुजा के अंतिम छोर बलरामपुर में सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं में पहले से ही हार की हताशा साफ दिख रही है। इसलिए हमारे बड़े-बड़े नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, उनकी वीडियो को एडिट कर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा दिए गए लाठी से सर फोड़ने वाले बयान, कवासी लखमा द्वारा मोदी मर जाए वाले बयान की निंदा की। जनता से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव में भी बिगड़े बोल वाले कांग्रेस नेताओं और उसकी पार्टी को सबक सिखाना है, करारा जवाब देना है। कांग्रेस को खाता खोलने भी नहीं देना है। अपने भाषण में मुख्यमंत्री ज्यादातर कांग्रेस पर हमलावर रहे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सकरी पहुंचे राहुल गांधी ने कहा ये चुनाव संविधान बचाने का

बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हैं, वे बिलासपुर लोकसभा के सकरी स्थित सिंचाई कॉलोनी मैदान में आयोजित आमसभा को संबोधित कर रहे। कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर कहते हुए राहुल गांधी ने कहा, ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है, बीजेपी के नेता, आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। कांग्रेस संविधान को बचाने का काम कर रही है।



राहुल गांधी ने कहा, संविधान गरीबों की रक्षा करता है, उनकी आवाज और उनके जीने के तरीके की रक्षा करता है। बीजेपी चाहती है 20-25 बड़े लोग राज करें, बाकी लोग नहीं, बीजेपी के नेता कहते हैं, रिजर्वेशन खत्म कर देंगे। आपका जल, जंगल व जमीन जीने का तरीका सब गायब हो जाएंगे। संविधान के बिना गरीब लोगों के लिए कुछ नहीं बचेगा।

आमसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, चंदन यादव, जयसिंह अग्रवाल समेत अन्य दिग्गज नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राहुल गांधी के मंच में झूमे पूर्वमंत्री कवासी लखमा

राहुल गांधी के मंच में झूमे पूर्व मंत्री कवासी लखमा छत्तीसगढ़िया संगीत पर झूमे लखमा नाच कर लोगों का किया अभिवादनप्रत्याशी देवेंद्र यादव और पूर्व विधायक भी लखमा संग झूमे। बिलासपुर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई करते हुए कांग्रेस के झंडों को निकाल लिया है। बैनर-पोस्टर हटाने की कार्रवाई पर सकरी के नेशनल हाईवे में हंगामा, बिलासपुर लोकसभा सीट से देवेंद्र यादव, कांग्रेस प्रत्याशी है, वे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बिना लायसेंस के ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति पर केमिस्टों ने जताई आपत्ति

दुर्ग (दावा)। बिना लायसेंस के ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने केन्द्र सरकार के प्रस्ताव पर ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड इनिस्ट्स (एआईओसीडी) के राष्ट्रीय सह सचिव अविनाश अग्रवाल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने गहरी चिंता जताई है। जिसके विरोध में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर प्रस्ताव से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों से अवगत कराकर प्रस्ताव को जनहित में रद्द करने की मांग की हैं।

**कहा जनहित में केन्द्र सरकार प्रस्ताव को करें रद्द**



ज्ञापन के माध्यम से एआईओसीडी के राष्ट्रीय सह सचिव अविनाश अग्रवाल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने कहा है कि यह प्रस्ताव मौजूदा दवा कानूनों, फर्मेसी विनियमों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों सहित प्रासंगिक कानूनी ढांचे का उल्लंघन करेगा। उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरा पैदा हो सकते हैं। इन खतरों में खतरनाक स्व-चिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरुपयोग, फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम, नकली दवाओं का प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी, दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों की अधिक घटनाएं, दवा भंडारण के मानकों से समझौता, अपर्याप्त फर्माकोविजिलेंस उपाय शामिल है। जो जनता के स्वास्थ्य पर विपरित असर डालेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस प्रस्ताव के बहुआयामी निहितार्थों पर पुनः विचार करना चाहिए, क्योंकि सामान्य और किराने की दुकानों में दवाओं की अनियमित उपलब्धता समाज के सर्वोतम हितों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में 12.40 लाख केमिस्टों की सदस्यता के साथ एआईओसीडी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की अखंडता को कमजोर करने वाले किसी भी उपाय को बर्दाशत नही करेंगी। यदि केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को रद्द नही किया तो अगामी दिनों में छत्तीसगढ़ समेत देशभर के केमिस्ट सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

# पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को कोर्ट से नहीं मिली राहत, छह दिन और बढ़ी रिमांड

रायपुर। करोड़ों के शराब घोटाले मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टुटेजा की पांच दिन ईडी रिमांड खत्म होने पर ईडी ने सोमवार विशेष कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी ने अनिल टुटेजा की फिर छह दिन का रिमांड मांगा है। जिसके बाद कोर्ट ने फैसला लेते हुए अनिल टुटेजा को एक बार फिर चार मई तक रिमांड पर भेजने का आदेश सुनाया। वहीं टुटेजा के वकील ने कोर्ट को बताया कि अनावश्यक रूप से रिमांड मांगी जा रही है।वकील ने कहा कि शराब स्कैम से संबंधित कुछ भी पूछताछ नहीं हुई।



### दिनभर में एक घंटे ही पूछताछ हुई है

कोर्ट में रिमांड पर बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष के बीच बहस पूरी होने के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा है। शराब घोटाले मामले में ईडी ने नई ईसीआईआर दर्ज की है,इसके बाद नए सिरे जांच की जा रही है। ईडी ने अनिल टुटेजा की गिरफ्तारी में कई आधार बताए हैं।

करीब 16 पन्नों के रिमांड याचिका में ईडी ने कहा है कि शराब घोटाले में अनवर ढेबर ने सिंडिकेट बनाया और उस सिंडिकेट को सबसे ज्यादा पावर अनिल टुटेजा से मिलती थी, जो कंट्रोलर की भूमिका में थे।ईडी ने टुटेजा से और पूछताछ और उसके आधार पर जब्ती की बात कही है। इसके लिए कोर्ट से टुटेजा को छह दिन की रिमांड और मांगी। टुटेजा पांच दिन की ईडी रिमांड पर थे। रिमांड खत्म होने पर उन्हें फिर विशेष न्यायाधीश अतुल कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया, जहां दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद न्यायालय ने छह दिन रिमांड बढ़ाने का फैसला सुनाया।

## पहला कॉलम...

### चक्रधर कल्याण कत्थक केन्द्र में विश्व नृत्य दिवस मनाया



राजनांदगांव (दावा)। विश्व नृत्य दिवस पर चक्रधर कल्याण कत्थक केन्द्र में मनाया गया। संस्था के संस्थापक डॉ कृष्ण कुमार सिन्हा व तुषार कुमार सिन्हा ने संस्था में अध्ययनरत बच्चों को कत्थक के बारे में बताया व नृत्य महज मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह भावनाओं के साथ, कला व संस्कृति को दर्शाने और सेहतमंद रहने का एक बेहतरीन जरिया है उन्होंने बताया कि कथक, भरतनाट्यम, बैले जैसे आदि डांस है जो दुनियाभर में लोकप्रिय है। बताया कि छतीसगढ़ में विविध अवसरों पर पंथी नृत्य, चंदैनी नृत्य, राउत नाचा, करमा, सुआ नृत्य आदि अनेक नृत्य किए जाते हैं इस अवसर पर संस्था के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### गुरु प्रसाद का लंगर



राजनांदगांव (दावा)। शहर के श्री गुरु सिंघ सभा गुरुद्वारा में सिख समाज द्वारा सोमवार 29 तारीख को सिखों के नवम पातशाह हिंद की चादर कहलाने वाले श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान परम सत्कार योग गुरु साध संगत की गई और गुरु प्रसाद लंगर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारे के समीप स्टाल लगाकर लोगों को छककर गुरु परसादी ग्रहण कराई गई। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक गुरुमुख सिंह भाटिया व सिख संगत के अन्य जन उपस्थित थे।

### श्रीमती राजकुमारी नरेडी का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के वरिष्ठ नागरिक सिद्ध गोपाल नरेडी की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी नरेडी का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज मंगलवार को सुबह 10 बजे उनके निज निवास जयस्तंभ चौक से छीरपानी मुक्तिधाम को जावेगी।

# निगम स्वामित्व की दुकानें एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन निर्मित दुकानों का आयुक्त ने किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज सुबह निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित निगम स्वामित्व की दुकाने एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत विभिन्न स्थानों में निर्मित दुकानों का राजस्व अमला के साथ आकस्मिक निरीक्षण कर अनुबंध कराने तथा किराया जमा करने दुकानदारों को समझाईस दिये। उन्होंने किराया जमा नहीं कराने पर संबंधित राजस्व कर्मचारी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

**7 दिवस के अंदर अनुबंध करा किराया जमा करने के दिये समझाईस, वरना दुकाने होगी सील**



आयुक्त श्री गुप्ता निगम स्वामित्व की दुकानों में टांकाघर के सामने निर्मित दुकान, रेल्वे स्टेशन पुराना सफाई कार्यालय में निर्मित दुकान, दिल्ली दरवाजा के पास निर्मित दुकान तथा नंदई रोड भैसा कोठा में निर्मित दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से रूबरू हो सभी दुकानों के संबंध में संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से दुकानों की नीलामी, शेष प्रीमियम राशि, अनुबंध एवं किराये के संबंध में जानकारी ली। जानकारी उपरांत उन्होंने संबंधित दुकानदारों से प्रीमियम राशि जमा करने, अनुबंध करा किराया जमा करने समझाईस देते हुये कहा कि सभी अपने-अपने दुकानों की शेष प्रक्रिया पूर्ण कर राशि जमा करें, अन्यथा दुकानें सील करने की कार्यवाही की जावेगी।

उन्होंने संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि इन्हें नोटिस जारी कर 7 दिवस का समय निर्धारित करें, निर्धारित समय उपरांत अनुबंध किराया जमा नहीं करने पर दुकानें सील कर पुनः नीलामी की कार्यवाही करें।

इसी प्रकार आयुक्त श्री गुप्ता निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में से आडिटोरियम के बाजू, हाट बाजार, मोहारा रोड व कन्हारपुरी फ्लाई ओव्हर के नीचे, लखोली पानी टंकी के पास, लखोली दुर्गा चौक, लखोली स्कूल के सामने एवं जनता कालोनी के दुकानदारों से चर्चा कर दुकान आबंटन के संबंध में जानकारी लेकर जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है उन्हें अनुबंध कराने तथा नियमानुसार किराया जमा कराने समझाईस देते हुये कहा कि जल्द दुकानों की प्रक्रिया पूर्ण करें अन्यथा अनुबंध के अभाव में दुकान निरस्त कर दिया जावेगा। उन्होंने दुकानों के सबंध में संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निगम सीमांतर्गत निर्मित दुकानों में जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है, उनका अनुबंध करावें तथा किराया जमा करावें। इसके लिये नोटिस जारी करें, नोटिस उपरांत अनुबंध व किराया जमा नही करने पर दुकाने सील करें तथा पुनः आबंटन की कार्यवाही करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने जिन दुकान प्रभारियों के द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरत अनुबंध व किराया वसूली नही किया गया, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निगम के राजस्व वृद्धि में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाशत नहीं की जावेगी। निरीक्षण के दौरान राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे, राजस्व लिपिक अभिजीत हरिहारनो व प्रकाश साहू सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# मौसम में उतार-चढ़ाव जारी

राजनांदगांव (दावा)। बीते कुछ दिनों से मौसम में स्थिरता नहीं देखी जा रही। आए दिन मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम बना रहता है। इन दिनों भी ऐसे ही हालात है। सोमवार की सुबह बूंदा वादी की स्थिति बनी रही वहीं दस-ग्यारह बजते ही तेज धूप व गर्मी का आलम बन गया।

**○ सुबह हुई थी बूंदाबादी, दोपहर में तेज धूप**
**○ लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव**

मौसम में व्याप्त उतार-चढ़ाव की वजह एक द्रोणिका/ वायु का असांतत्य मध्य विदर्भ से भराठवाड़ा तक तथा आंतरिक कर्नाटक होते हुए तटीय कर्नाटक तक औसत समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर तक विस्तरित होना है। इसके चलते एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है। इसके चलते राजनांदगांव में 40.7 डिग्री सेन्टीग्रेट तथा प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.0 सेन्टीग्रेड व डोंगरगढ़ में सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेन्टीग्रेड दर्ज किया गया है। मौसम विभाग प्रदेश में मौसम के शुष्क होने की संभावना जताई है। बता दे कि अप्रेल के महिने में कभी तेज धूप तो कभी बारिश पानी की स्थिति बन आ रही है। आंधी-तूफान के साथ गत दिनों हुई बारिश से डोंगरगढ़ क्षेत्र में कई घंटों तक बिजली गुल रही। यही हालात राजनांदगांव में पटरी पार के वार्डों में देखने को मिला।

हालांकि मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण राजनांदगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में लोग तेज धूप व गर्मी से थोड़ी राहत महसूस करने लगे है लेकिन इसका स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और लोग बीमार हो रहे है। बहरहाल मौसम में आए इस उतार-चढ़ाव के चलते हवा का गति मंद होने से चिपचिपी गर्मी एवं उमस की स्थिति बनी हुई है। लोग पंखे-कुलर, एसी के बिना रह नहीं पा रहे है।

# मृणाल चौबे को मिला सर्व ब्राह्मण समाज रत्न अवार्ड

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन, अभिनंदन समारोह, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथ्य तथा विधायक पुरंदर मिश्रा व हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के विशेष अतिथि में वृंदावन हाल सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम मे राजनांदगाँव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस कोच मृणाल चौबे को सर्व ब्राह्मण समाज रत्न अवार्ड से शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मृणाल के विशिष्ट उपलब्धियों को उल्लेखित करते हुए कहा की खेल और पढ़ाई में सामंजस्य बनाकर दोनों क्षेत्रों में इन्होंने उत्कृष्टता हासिल की एवं समाज को गौरवान्वित किया है। सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने सम्मलेन मे खेल के क्षेत्र में मृणाल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया की इन्होंने 10 वर्षो तक भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए मैडल जीता है तथा भारतीय टीम की कप्तानी भी की है।

विशिष्ट उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने इन्हें राज्य अलंकरण गुंडाधुर सम्मान, शहीद राजीव पाण्डेय एवं शहीद कौशल यादव पुरुस्कार से सम्मानित किया तथा राज्य का उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया है। गौरतलब है कि राजपत्रित अधिकारी के रूप में महालेखाकर (कैग) विभाग मे अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे मृणाल हाल ही में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स खेल मंत्रालय भारत सरकार से डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स में प्रथम रैंक हासिल की है तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न राज्यों के कोच के रूप में पदक जीता है।

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशीकांत तिवारी, उप प्रांतीय अध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, सांस्कृतिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष जे.पी.शर्मा, जिलाध्यक्ष मौलेश तिवारी, संगठन सचिव मिनेश मिश्रा, विष्णु नंद चौबे आदि उपस्थित थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार भीड़ भरा दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th April to 02nd May 2024
silver SCREEN




Ruslaan - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:00 and 03:00 pm
Bade Miyan Chote Miyan - 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

## विशेष न्यायालय (एक्ट्रोसिटी एक्ट) राजनांदगाँव का फैसला

# गूगी बहरी पीड़िता के दुष्कर्मी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा

राजनांदगांव (दावा)। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एक्ट्रोसिटी एक्ट) राजनांदगाँव पीठासीन न्यायाधीश थामस एक्का द्वारा मामले में विचारण उपरान्त निर्णय घोषित कर अभियुक्त दिनेश रघुवंशी को आरोप प्रमाणित पाये जाने पर भाद संहिता की धारा 450 एवं धारा 376 के अपराध में 10 वर्ष के सश्रम कारावास से एवं 5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।



मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एक्ट्रोसिटी), राजनांदगांव विकास शुक्ला ने बताया कि, अभियुक्त दिनेश रघुवंशी आ लिखन रघुवंशी, उम्र 35 साल जिला एमएमसी (छग) द्वारा थाना मानपुर क्षेत्रान्तर्गत निवासी पीड़िता, जो जन्म से गूंगी और बहरी है व कक्षा 10वीं तक पढ़ी है।

पीड़िता का पति सुखदेव कमाने खाने के लिए रायपुर गया हुआ था। पीड़िता अपने पुत्र और पुत्री के साथ घर में रहती थी। दिनांक 07/01/2022 को पीड़िता खाना खाकर अपनी पुत्री के साथ घर के अंदर वाले परछी में सो रही थी और पुत्र बीच वाले हॉल में सो रहा था। रात्रि के करीब 11 बजे अभियुक्त दिनेश रघुवंशी उसके घर के पीछे से घुसकर उसके पैर को हाथ से छूकर जगाया और छिप गया, तब पीड़िता उठकर देखने के लिये गयी, तब अभियुक्त दिनेश रघुवंशी उसके हाथ, पैर, मुंह को कपड़े से बांधकर जबरदस्ती ज़मीन में पटक कर उसके साथ बलात्कार किया। दूसरे दिन सुबह पीड़िता ने अपने सास-ससुर को घटना के बारे में इशारे से बतायी। दूसरे दिन गांव में मीटिंग हुई थी। पीड़िता ने दिनांक 2 जुलाई 2022 को अपने परिवार के साथ जाकर मानपुर थाना में लिखित रिपोर्ट की थी।

उक्त लिखित शिकायत के आधार पर थाना मानपुर द्वारा आरोपी दिनेश रघुवंशी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा सम्पूर्ण विवेचना उपरान्त आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 376(2) (ठ), 450, 509 भादवि एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (1ड्ड) के अंतर्गत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु पेश किया गया था।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
0-4-6
779-3 580-3
राजधानी
5-8-9
246-2 245-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा के एक और सांसद का हुआ निधन, कुछ दिन पहले ही राजनीति से लिया था संन्यास

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनावों के बीच भाजपा को एक बड़ा झटका लगा है। भाजपा के एक और सांसद का निधन हो गया है। दरअसल, कर्नाटक के चामराजनगर से भाजपा सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद का रविवार की रात बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक, श्रीनिवास प्रसाद पिछले 4 दिनों से आईसीयू में थे।



चामराजनगर सीट से 76 वर्ष की आयु के भाजपा सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद की तबीयत बिगड़ गई थी और वह बीते 4 दिनों से बेंगलुरु के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती थे। जानकारी के मुताबिक, उनका निधन मल्टी-ऑर्गन फेल्योर की वजह से हुआ है। वी श्रीनिवास चामराजनगर से 5 बार सांसद और नंजनगुड से 2 बार विधायक चुने गए थे। उन्होंने हाल ही में राजनीति से संन्यास लेने का भी ऐलान किया था।

बीते 24 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था और इस बार अनूप प्रधान को मैदान में उतारा है। सीएम योगी समेत पार्टी के कई दिग्गज नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया था।

# भीषण सड़क हादसे में 6 महिलाओं के साथ 4 मासूमों की मौत

बेमेतरा-रायपुर (आरएनएस)। जिले में आधी रात को भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में अब तक 6 महिलाओं और 4 बच्चों समेत 10 की मौत हो चुकी है। जबकि 23 लोग घायल हो गए। भाजपा विधायक दीपेश साहू ने जिला अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। एक मालवाहक वाहन और मिनी ट्रक की टक्कर से यह दर्दनाक हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार, हादसा बेमेतरा थाना इलाके के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे खड़े मिनी ट्रक में मालवाहक वाहन टकराने से दर्दनाक हादसा हुआ है।



### मालवाहक और मिनी ट्रक में हुई आमने-सामने भिड़ंत

कठिया गांव के पास हुआ हादसा

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात कठिया गांव के पास हुई, पीड़ित एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे का शिकार सभी लोग पथर्रा गांव के निवासी थे, तिरैया गांव में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि मालवाहक वाहन सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक से टकरा गया।

मृतकों के नाम : भूरी निषाद (50 वर्ष), नीरा साहू (55 वर्ष), गीता साहू (60 वर्ष), अग्निया साहू (60 वर्ष) पति हगरु साहू, मधु साहू (5 वर्ष) पिता दिलीप साहू, खुशबू साहू (39 वर्ष) पति दिलीप साहू, रिकेश निषाद (6 वर्ष), ट्विंकल निषाद (6 वर्ष), रत्ना साहू (50 वर्ष)। घायलों के नाम : कु निशा यादव (उम्र 12 साल) पिता जफला यादव, श्रीमति मालती यादव (38 वर्ष) पति विश्राम साहू, डिंपल (13वर्ष) पिता राजेश साहू, कविता (40 वर्ष) पति तिजराम साहू, सुकिया बाई (40 वर्ष) पति रमेश देवांगन, दुखिया बाई (45 वर्ष) पति रामनाथ यादव, हेमलता साहू (14 वर्ष) पिता डुलेस्वर साहू, कु. रेणुका साहू (14वर्ष) पिता राजेंद्र साहू, उर्मिला बाई (50 वर्ष) पति सुशील साहू, उषा साहू (42 वर्ष) पति संजय साहू, प्रेमु साहू (36 वर्ष) पिता भीखम साहू, लोकेश साहू (20 वर्ष), सुनीता साहू (50 वर्ष), पूर्णिमा साहू (8 वर्ष), दीपिका साहू (12 वर्ष), लोकपाल साहू (12 वर्ष), पुन्नी यादव (60 वर्ष), अहिल्या बाई (55 वर्ष), रामेश्वरी साहू (28 वर्ष), सोनबती (60 वर्ष), अज्ञात महिला (55 वर्ष), अज्ञात महिला (50 वर्ष) घायल हुवे है।

### कलेक्टर ने ली जानकारी

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बताया कि बेमेतरा हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है और 23 घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### विधायक पहुंचे अस्पताल

भाजपा विधायक दीपेश साहू ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। साहू ने कहा कि जिले में हुआ यह एक दुखद सड़क हादसा है। एक कार ने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनकी हालत गंभीर है, उन्हें रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। हम मृतकों के परिजनों के साथ हैं। प्रशासन हरसंभव मदद करने की कोशिश कर रहा हैं।

# पीएम मोदी ने कर्नाटक की स्वच्छता योद्धा मोहिनी गौड़ा से की मुलाकात

सिरसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के दौरे के दौरान उत्तर कन्नड़ जिले की स्वच्छता योद्धा मोहिनी गौड़ा से मुलाकात की। मोहिनी गौड़ा ने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाकर शहर की आबोहवा ही बदल डाली।



श्री मोदी ने रविवार को यहां जनसभा में यह बात कही। मोहिनी गौड़ा अंकोला की निवासी हैं, जिनके काम और समुदाय के प्रति अटूट समर्पण ने उन्हें आम से खास महिला बना दिया। सुश्री गौड़ा सब्जियाँ बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। उनकी घरेलू कामों के अलावा दृढ़तापूर्वक स्वच्छता के प्रति उनकी अथक प्रतिबद्धता है।

मोहिनी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भी, उन्होंने स्वच्छता अभियान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया, जिससे उन्हें व्यापक पहचान और सम्मान मिला। जैसे ही प्रधानमंत्री सिरसी में हेलीपेड पर उतरे मोहिनी वहां पहले से ही मुलाकात के लिए तैयार खड़ी थी। दोनों की मुलाकात की तस्वीरें जैसे ही कैमरों में आयीं तुरंत ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गयीं। यह मुलाकात शीर्ष नेतृत्व और जमीनी स्तर पर समर्पण से काम करने वालों के एक साथ आने के प्रतीक के रूप में नजर आयीं। प्रधानमंत्री ने मोहिनी से मुलाकात करके, उनके व्यवहार और स्वच्छता के प्रति समर्पण की सराहना की।

मोहिनी की कहानी एक व्यक्ति की जीवटता के साथ एक सामान्य लक्ष्य के लिए सामुदायिक एकता के साथ किये गये काम का भी प्रतीक है। मोहिनी के कूड़ा उठाने और स्वच्छता बनाए रखने का उनका सरल कार्य से उनके आसपास के लोगों को प्रेरणा मिली और अन्य लोग भी उनके साथ स्वच्छता अभियान में शामिल हो गये। सभी के प्रयासों के द्वारा हरे-भरे और शांत शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिली। श्री मोदी ने मोहिनी के अलावा, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित तुलसी गौड़ा और सुकरी बोम्मागौड़ा दो प्रतिष्ठित हस्तियों से भी मुलाकात की, जिनके समाज में योगदान ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई थी। प्रधानमंत्री के साथ उनकी बातचीत गर्व और खुशी का क्षण था।

# धरती फाड़ कर निकले भगवान : खुदाई में विष्णु भगवान की मिली एक हजार साल पुरानी 9 मूर्तियां

खरगोन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सब को चौंका के रख दिया है। दरअसल, यहां खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की मूर्ति जमीन के नीचे से निकली है। जोकि करीब 1 हजार साल पुरानी है। यहां भवन के काम के लिए खुदाई की जा रही थी। इस दौरान एक के बाद एक 9 विष्णु भगवान की प्रतिमाएं निकली। ये सभी प्रतिमाएं भगवान विष्णु की अलग-अलग भाव भंगिमा में है। जैसे ही इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली, वे भगवान के दर्शन करने पहुंच गए। सनावद थाना क्षेत्र के कानापुर में प्रतिमाएं मिली हैं। दरअसल नर्मदा के दक्षिणी क्षेत्र के कानापुर गांव में में कुछ दिनों से निर्माण कार्य चल रहा था। कॉलम के लिए जैसे ही जेसीबी से खुदाई शुरू की, अंदर से भगवान की 1 मूर्ति प्रकट हुई। इसके बाद मजदूरों ने और खुदाई करनी शुरू की तो 8 और मूर्तियां मिली। इसके बाद लोगों ने मूर्ति को मिट्टी से निकालकर पानी से धोया। उन्होंने सरपंच को इसकी जानकारी दो जिसके बाद पुलिस के माध्यम से पुरातत्व संग्रहालय को भी सूचित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि नर्मदा घाटी से सटे इस इलाके में कोई प्राचीन मंदिर रहा होगा। माना जा रहा है कि यहां और भी प्रतिमाएं हो सकती हैं।



# केसीजी एवं एमएमसी जिले में सूखत की राशि नहीं देंगे समिति प्रबंधक

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय प्रशासन द्वारा समितियों के माध्यम से किसानों से बड़ी मात्रा में धान की खरीदी की गई। लेकिन समय पर इन खरीदे गए धानों का उठाव नहीं होने से इसमें सूखत आ गई है। जिससे शार्टेज उत्पन्न होने के कारण इसकी भरपाई हेतु समिति प्रबंधकों के ऊपर तलवार लटका दिया गया है। खासकर धान में सूखत की समस्या केसीजी व एमएमसी जिले है जबकि राजनांदगांव जिले में धान का उठाव समय पर कर दिया जाने से यहां समस्या जीरो है। इन दोनों जिलों में उत्पन्न धान सूखत की स्थिति में भरपाई के लिए समिति प्रबंधकों पर दबाव बनाया जा रहा है। जिसका समिति प्रबंधकों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है।



### बैठक कर समिति प्रबंधकों ने लिया निर्णय

### समिति प्रबंधकों ने ली बैठक

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के संयुक्त अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि धन की सुखत से उत्पन्न हुए शार्टेज की राशि प्रबंधकों द्वारा कदापि नहीं दी जाएगी। धान में सूखत की वजह स्वयं सम्बंधित विभाग व प्रशासन है। इस सम्बंध में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले सहित खैरागढ़-छुईखदान व गंडई जिले के समिति प्रबंधकों की बैठक ली गई। पाताल भैरवी मंदिर के निकट गोड़वाना भवन में ली गई। उक्त बैठक में बताया गया कि धान खरीदी वर्ष 2023-24 का निराकरण शासन-प्रशासन द्वारा नहीं किया जाना है। समितियों से समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में धान की कमी देखने को मिल रही है। जिसमें धान खरीदी प्रभारियों को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की जा रही है। श्रीवास ने बताया कि समिति प्रबंधकों से धान की सूखत राशि देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसमें मानपुर-मोहला जिले के कलेक्टर का फरमान पहले आया है। जबकि खैरागढ़-छुईखदान जिले के कलेक्टर द्वारा इस सम्बंध में कोई बात सामने नहीं आई है। श्रीवास ने बताया कि चूंकि राजनांदगांव जिले में समय पर धान का उठाव हो गया था। इसलिए यहां सूखत की समस्या नहीं रही।

### नहीं देंगे सूखत की राशि

उन्होंने बताया कि धान की सूखत राशि नहीं देने के लिए समिति प्रबंधक पूरी तरह अड़ गए है। इस सम्बंध में जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन के जवाब में आगे की रणनीति तैयार की है। समिति प्रबंधकों का सम्बंधित प्रशासन व विभाग पर पूरा आरोप है कि धान खरीदी के तीन माह बीत जाने के बाद भी समय पर धान का उठाव नहीं कराया जा सका है। अंतः सूखत से उपजे शार्टेज की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन व सम्बंधित विभाग की है समिति प्रबंधक धान की सूखत से उपजे शार्टेज का ठीकरा उनके ऊपर फोड़ेजाने से अपने आप को किनारा कर लिया है और शार्टेज की राशि नहीं देने के लिए पूरी तरह अड़े हुए है।

# रामलला के दरबार में छीसगढ़ के राज्यपाल ने लगाई हाजिरी

### अतिथियों की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए रही चाक-चौबंद व्यवस्था



अयोध्या (आरएनएस)। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचा रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अयोध्या पहुंचे। भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। श्रीराम का दीदार कर वे भाव विभोर हो गए। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का दर्शन कर रहा हूं, लंबे समय तक जो संघर्ष चला है, मेरी भी इसमें भूमिका रही है। आशा थी एक समय आएगा, जब भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाप्रभु का दर्शन करने के लिए अपनी पत्नी के साथ अयोध्या पहुंचा हूं। प्रभु राम लला का दर्शन करने के बाद जीवन धन्य हो गया।

# श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का अनूठा आयोजन

रायपुर (दावा)। श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल रायपुर, छत्तीसगढ़ का एक अग्रणी हॉस्पिटल की पहचान बनाये हुये है, जहां अनुभवी, विशेषज्ञ चिकित्सकों व सर्जन के द्वारा मरीजों को बेहतर ढंग से इलाज किया जाता है।



उच्चस्तरीय आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का फायदा रायपुर व आसपास के अंचल की जनता को संपूर्ण रूप से मिल सके, इस उद्देश्य से श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य परामर्श-चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर रायपुर के साथ ही निकटवर्ती क्षेत्र के संस्थानों के लिये किया जाता है, जिसका लाभ अधिकतम लोगों को मिलता है। ऐसे ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 27 अप्रैल दिन शनिवार को पुलिस हाउसिंग कॉलोनी अमलीडीह में रायपुर में किया गया। जिसमें डॉ.सुशील शर्मा (आर्थोपेडिक एवं ज्वाईंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ. प्रियंक हिशीकर (आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स इंजुरी विशेषज्ञ), डॉ.करण सराफ (किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ. रंजन पटेल (श्वांस छाती टीबी रोग विशेषज्ञ), डॉ.अनुराग अग्रवाल (जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ), डॉ. अक्षय बैद (न्यूरोसर्जन) शिविर में सेवा दिये तथा निःशुल्क बी.पी., शुगर, यूरिक, एसिड, वजन व ई.सी.जी. की जाँच की गई। जिसमें 400 मरीजों ने निःशुल्क जॉच स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा हड्डी व जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ ने पुलिस विभाग के पदाधिकारियों को सलाह दिये कि तनाव का सामना करना पड़ता है, दिनचर्या से संबंधित बीमारी से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, उन्हें सही एवं अपने दैनिक जीवन में सही खानपान व व्यायाम के बारे में व्याख्यान दिया, जिसमें वहाँ उपस्थित लोगों को अपनाकर स्वास्थ्य बने रहने की प्रेरणा मिली।

# भारतीय तटरक्षक का बड़ा ऑपरेशन, अरब सागर में 1200 करोड़ की हेरोइन जब्त; दो गिरफ्तार



नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक तथा गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते ने अरब सागर में संयुक्त अभियान में एक भारतीय नौका को पकड़ कर 1200 करोड़ रुपये कीमत की 173 किलोग्राम हेराइन जब्त कर उस पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह लगातार दूसरा दिन है, जब ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय तटरक्षक ने संदिग्ध नौका को रोककर पूछताछ की। नौका की जांच करने पर उसमें मादक पदार्थ मिला जिसे जब्त कर नौका पर सवार दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन लोगों से पूछताछ की जा रही है। पिछले तीन वर्षों में भारतीय तटरक्षक ने दस से भी अधिक नौकाओं से मादक पदार्थ जब्त किये हैं।

# सीएम साय बोले- भाजपा जीतेगी सभी सीटें, महादेव सट्टा एप मामले में भूपेश बघेल की हो सकती है गिरफ्तारी

कोरबा। कोरबा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे विश्वास के साथ इस बात को कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा की सभी सीटों पर अनुकूल स्थिति है और भाजपा अपनी विजय दर्ज करेगी। कोरबा जिले के करतला में आयोजित कार्यक्रम को श्रम उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर सरोज पांडे ने भी संबोधित किया।



कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा का चुनाव प्रचार जारी है। विभिन्न क्षेत्रों में नेताओं के कार्यक्रम हो रहे हैं और इसके माध्यम से जनता तक बात पहुंचाई जा रही है। जिला मुख्यालय कोरबा से 35 किलोमीटर दूर करतला में भाजपा ने आम सभा का आयोजन किया जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा की शुरुआत में मंत्री लखन लाल देवांगन और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर सरोज पांडे ने अपनी बात रखी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सभी तरफ भाजपा के लिए अच्छा वातावरण है और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट हम जीतेंगे। कांग्रेस हार रही है, वही बौखलाई हुई है इसलिए उल्टे सीधे बयान बयाजी कर रहे हैं। आने वाले दिनों में उन्हें जनता जरुर बताएगी। महादेव एप्प में आरोपियों की गिरफ्तारी से संबंधित एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रकरण में जांच चल रही है और एजेंसी अपना काम कर रही है। महादेव एप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का भी नाम है, समय आने पर गिरफ्तार भी किया जाएगा।

दरअसल कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र मैं फिलहाल कांग्रेस के विधायक हैं। पिछले चुनाव में भाजपा यहां 22000 वोट से पिछड़ गई थी। इसलिए इस इलाके को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा लगातार कोशिश कर रही है। वैसे भी राजनीतिक रणनीतिकारों का मानना है कि हर चुनाव में मुद्दे अलग-अलग हो जाते हैं और वह इस हिसाब से चुनाव के परिदृश्य में अपना असर डालते हैं।

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने के लिए कार्यशाला आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षाओं के परिणाम आने के पहले अभिभावकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश देने के लिए वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े रहे। कार्यशाला में परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने हेतु उन्हें आगे बढ़ने के लिए अभिप्रेरित करने की दक्षता का विकास, परीक्षा परिणाम से तनाव के कारण डिप्रेशन से उत्पन्न लक्षणों को पहचानने के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षकों एवं पालकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश दी गई। बोर्ड परीक्षाएँ समाप्त हो चुकी है और सभी परीक्षा परिणामों का इंतजार है। किसी भी परिणाम में कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होंगे। कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा से कम होंगे। कुछ लोगों के निराशाजनक होंगें तथा कुछ जो अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होंगे वे निराश होंगे जिससे तनाव महसूस करने की स्थितियां होती है। आवश्यक है कि हम इन स्थितियों के पहले ही विद्यार्थियों और पालकों में परीक्षा परिणाम को लेकर उचित मार्गदर्शन करें।



### शिक्षकों एवं पालकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की दी गई समझाईश

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के ऊपर अनावश्यक दबाव और अपेक्षाएं नहीं डालनी चाहिए। अभिभावक अपने विचारों को बच्चों के ऊपर डाल देते हैं। ये अभिभावकों का अतिरिक्त दबाव और अपेक्षाएं होती है वह सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का काम सपोर्ट करना है। पालकों को बच्चे की रूचि के अनुसार आगे बढ़ाने के लिए सपोर्ट करना है। पालक सपोर्ट करना छोड़कर अपेक्षाएं ज्यादा करते हैं, इससे समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की रूचि बहुत महत्वपूर्ण होती है। पालक यदि बच्चों की रूचि समझते हैं और इसके हिसाब से बच्चों को सपोर्ट करते हैं तो समस्याओं का हल निकाल सकते हैं। बहुत से कारणों से परीक्षा परिणाम खबरा और अच्छा हो सकता है। परीक्षा परिणाम आपके जीवन से बढ़कर नहीं है। परीक्षा तो एक तरीका है हमने क्या पढ़ाया और बच्चों ने क्या सीखा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बहुत सारी बातें सीखने मिलती है केवल शब्द ज्ञान या अन्य ज्ञान के अतिरिक्त शिक्षक, अन्य बच्चों से संपर्क में रहते हैं। जिससे बहुत सारी बातें सीखने को मिलती है। स्कूल का नजरिया यह नहीं होना चाहिए कि बच्चे कितने अंक प्राप्त किये हैं। यही बात पालक और शिक्षक को भी समझना होगा। प्रत्येक बच्चा देश का भविष्य है। पालक, शिक्षक और समाज के अन्य लोगों की भूमिका है कि बच्चे के मन को समझें। अपेक्षा और तुलना ये दो बातें बहुत खराब होती हैं। पालक और शिक्षक इससे कैसे बचे ध्यान रखने कहा। जीवन में सारी चीजों का समावेश होना चाहिए।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि अभिभावक या परिवार का कोई भी सदस्य बच्चों के साथ कुछ समय बितायेंगे तो बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। उनकी बातों को समझ सकते हैं। उनकी इच्छाओं को जान सकते हैं। जिससे उनकी रूचि के अनुरूप कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने हेतु दक्षता विकास प्रशिक्षण 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। दक्षता विकास प्रशिक्षण से शिक्षक और पालकों को जुडने के लिए आग्रह किया गया है। संचालक सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज भिलाई चिरंजीव जैन ने परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

# संतोष पांडे का कद बढ़ेगा 2 लाख से ज्यादा मतों से जीतेंगे - देवांगन

### कहा - 4 जून को भूपेश बघेल का अहंकार टूटना तय

राजनांदगांव (दावा)। देश की 18वीं लोकसभा के लिए 26 अप्रैल को संबंध हुए मतदान में संपन्न हुए मतदान में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त रुझान देखने को मिल रहा है रुझान के आधार पर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 के जिला पंचायत सदस्य व संचार सकर्म विभाग के सभापति अशोक देवांगन ने कहा कि 04 जून को निवर्तमान सांसद संतोष पांडे का कद एकदम से बढ़ जाएगा। वह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के अहंकारी उम्मीदवार भूपेश बघेल को 2 लाख से भी ज्यादा वोट से हराकर केंद्र में नरेंद्र मोदी नित भाजपा सरकार में राज्य मंत्री या फिर कैबिनेट मंत्री बनेंगे।



श्री देवांगन ने आगे कहा कि कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता यदि डायरी रखते हैं। तो इस बात को नोट करके अवश्य रख ले। इस चुनाव में भूपेश बघेल को राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र की उपेक्षा का प्रतिफल करारी शिकस्त के रूप में मिलने वाला है। उन्होंने राजनांदगांव को पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह निर्वाचन क्षेत्र जानकर दुर्भावना से ग्रस्त होकर उपेक्षा की है। यहां के कांग्रेसियों को भी अपेक्षा पूर्ण बर्ताव करने से नहीं छोड़ा है। ऐसे में उन्हें जिन्होंने भी वोट किया है मानकर चलें कि सोच समझ कर वोट नहीं किया है। समझदार जनता मतदाता अच्छी तरह सोच समझ कर भाजपा के पक्ष में वोट

# 4 सेकंड देर न होता तो खत्म हो जाता चंद्रयान-3, इसरो ने बताया क्यों लेट हुई थी लॉन्चिंग

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि अंतरिक्ष में मलबे और उपग्रहों से टक्कर होने की आशंका और उससे बचाव के लिए ही चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग चार सेकंड की देरी से की गई थी। वैज्ञानिकों ने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए अगर ऐसा नहीं किया होता तो चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग सफल नहीं हो पाती और शायद अंतरिक्ष में मलबे से टकरा गया होता।

बता दें कि पिछले साल 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से मून मिशन के तहत चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया गया था। इसरो ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, एलवीएम3-एम4/ चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण को COLA विश्लेषण के आधार पर नाममात्र के चार सेकंड के लिए रोका गया था, ताकि परिचालन ऊंचाई के ओवरलैप होने के कारण अंतरिक्ष के मलबे और उनके कक्षीय चरण में इंजेक्ट किए गए उपग्रहों के बीच निकट संपर्क से बचा जा सके।

दरअसल, किसी भी सैटेलाइट या स्पेस्क्राफ्ट को लॉन्च करने से पहले वैज्ञानिक कोलिज़न एवॉयडेंस एनालिसिस करते हैं, ताकि अंतरिक्ष मलबे या किसी उपग्रह से संभावित टक्कर का पता लगाया जा सके। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने शुक्रवार को ही भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट 2023 पेश किया, जो अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की प्रगति का सालाना लेख-जोखा पेश करता है। इसे इसरो के सुरक्षित और सतत अंतरिक्ष संचालन प्रबंधन प्रणाली द्वारा तैयार किया गया है।

रिपोर्ट में अंतरिक्ष अभियान के तहत होने वाले विभिन्न पर्यावरणीय खतरों जैसे क्षुद्रग्रहों, धूमकेतुओं, उल्कापिंडों और कृत्रिम अंतरिक्ष वस्तुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में इन जोखिमों को देखते हुए उपग्रहों के प्रक्षेपण वाहनों का आकलन करने, उपग्रहों के वायुमंडलीय पुनः प्रवेश और अंतरिक्ष में मलबों के विकास का अध्ययन करने के लिए निरंतर जागरूकता पर जोर दिया गया है। बता दें कि चंद्रयान-3 से पहले PSLV-Czz/TeLEOS-w की लॉन्चिंग भी 22 अप्रैल 2023 को एक मिनट की देरी की गई थी। इसके अलावा पिछले साल ही 30 जुलाई 2023 को PSLV-Cz/DS-SAR की लॉन्चिंग में भी एक मिनट की देरी की गई थी, ताकि इन दोनों रॉकेट्स और सैटेलाइट के सामने आने वाले अंतरिक्ष मलबे और अन्य उपग्रहों के टक्कर से उसे बचाया जा सके। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग से पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में कचरा दिखाई दिया था, जो किसी अन्य सैटेलाइट का टुकड़ा था। अगर पहले से निर्धारित समय पर चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग हो गई होते तो उस कचरे से टक्कर हो जाती और मिशन अंजाम तक नहीं पहुंच पाता।

सोमनाथ ने भारत के अगले चंद्रमा मिशन चंद्रयान -4 के बारे में भी जानकारी साझा की। उनके मुताबिक, चंद्रयान-4 मिशन को चंद्रयान श्रृंखला की अगली कड़ी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि भारत 2040 में चंद्रमा पर उतरने का इरादा रखता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चंद्रमा का निरंतर अन्वेषण आवश्यक है'' उन्होंने कहा, ''चंद्रयान-4 इस उद्देश्य की दिशा में पहला कदम होगा। मिशन का लक्ष्य चंद्रमा पर एक यान भेजना, नमूने एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाना है। अंततः, जब भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार होगा, तो भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को प्रयोग करने और सुरक्षित लौटने के लिए चंद्रयान से चंद्रमा पर भेजा जाएगा।

# जिले के सभी श्रेणी के मतदान केंद्रों में उत्साह पूर्वक हुआ मतदान

**0 अति संवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों में भी मतदाताओं ने दिखाया जज्बा**

**0 आतंक और भय भी नहीं रोक पाये मतदाताओं का उत्साह**

मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन राजनांदगांव क्षेत्र क्रमांक 6 के अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में काफी उत्साह जनक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में भी मतदाताओं ने बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर साबित कर दिखाया कि वे लोकतंत्र के साथ खड़े हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए ठोस प्रबंधन एवं सुरक्षा के पुख्ता उपाय के चलते मतदाताओं का हौंसला बना रहा।

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के लिए चलाये गये जागरूकता अभियान से जिले के नागरिकों ने मतदान के महत्व को समझा और मतदान करने आगे आये।

जिला व पुलिस प्रशासन का साथ मिलने से मतदान के प्रति बड़ा रुझान देखने को मिला। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में 76.88 मतदान प्रतिशत रहा।

इसी प्रकार संवेदनशील मतदान केंद्रों में 76.93 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसी प्रकार सामान्य मतदान केंद्रों में 77.85 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुरुष मतदाताओं का मतदान 76.73 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं का 77.34 प्रतिशत मतदान रहा है। इस प्रकार से मतदाताओं का कुल मतदान 77.09 प्रतिशत रहा है।

# पहला कॉलम...

## जुरलाकला से प्रकाशपुर सिरदार खपरी मार्ग के अधूरे निर्माण को पूर्ण करने की मांग



**उपमुख्यमंत्री से मिलकर चर्चा की**

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम जुरलाकला से प्रकाशपुर सिरदार खपरी मार्ग के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने को लेकर, क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर चर्चा की।

पीडब्ल्यूडी विभाग का दायित्व देख रहे उपमुख्यमंत्री अरुण साव के रायपुर निवास में मुलाकात के दौरान बताया गया कि जुरलाकला प्रकाशपुर सिरदार खपरी निर्माणाधीन मार्ग को ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है। चर्चा करते हुए टीलेश्वर साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष खैरागढ़ संतोष साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलोक ठाकुर वरिष्ठ कार्यकर्ता सोमू सिंह साथ उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र ही मार्ग को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया।

## कांग्रेस नेता प्रदीप शर्मा को मिली बलौदा बाजार विधानसभा की जिम्मेदारी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार हेतु विधानसभावार जवाबदारी दी गई है। जिसके तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नेता प्रदीप शर्मा को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बलौदा बाजार विधानसभा का संयुक्त रूप से प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश पदाधिकारीयों को जारी किये गये पत्र में कहा गया है कि अविलंब अपने-अपने प्रभार विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी, स्थानीय कांग्रेस संगठन के पदाधिकारीयों से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चत करने की दिशा में समुचित आवश्यक कार्यवाही करें। पत्र की प्रति प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित संबधित पदाधिकारी को प्रेषित की गई है।

## घोटिया, छिपा के पीठासीन अधिकारियों की शिकायत डोगरगढ़ एसडीएम से

**पोलिंग बूथ पर 17सी फॉर्म दिए बगैर निर्वाचन अधिकारी वापस लौट गए - सुरेश सिन्हा**

डोंगरगढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने आए पीठासीन अधिकारी एवं कर्मचारी जिसकी शिकायत घोटिया बुथ अध्यक्ष विश्वनाथ कंवर व छिपा बुथ अध्यक्ष छन्नू वर्मा ने अपने ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा से की थी। जिसे संज्ञान में लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिन्हा ने डोंगरगढ एसडीएम से पीठासीन अधिकारियों की शिकायत की।

शिकायत में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक की पोलिंग बूथ क्रमांक 125 घोटिया, छिपा पोलिंग बूथ क्रमांक 190 पर चुनाव संपन्न होने के बाद बीएलए के द्वारा 17सी फॉर्म मांगने के बावजूद किसी भी राजनीतिक पार्टी को नहीं दिए। जिसकी मांग करने डोंगरगढ़ निर्वाचन अधिकारी एसडीएम से मुलाकात कर जानकारी मंगा गया और ऐसे पीठासीन अधिकारियों के ऊपर कारवाई की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के परिसर से संलग्न

**अहाता अनुज्ञप्तिधारियों का चयन 10 मई को**

बालोद (दावा)। वर्ष 2024-25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों हेतु अनुज्ञप्तियों की निविदा ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन का कार्य 07 मई 2024 तक प्रक्रियाधीन होने के कारण बालोद जिले के निविदाकारों का चयन 10 मई 2024 को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पूर्व में इसकी तिथि 26 अप्रैल एवं 29 अप्रैल को निर्धारित की गई थी। जिसे लोकसभा आम निर्वाचन के कार्यों के मद्देनजर 10 मई को निर्धारित की गई है।

# जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान अरकार में मतदान दिवस पर 5 से 7 मई तक शुष्क दिवस घोषित

बालोद (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान अरकार में 05 से 07 मई तक शुष्क दिवस घोषित किया है। इसके अंतर्गत जिला दण्डाधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बालोद जिले के सीमावर्ती जिला दुर्ग में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 07 मई मतदान के अवसर पर देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान अरकार को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। इस अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## बालोद उपकेंद्र से निकलने वाली 33/11 केव्ही उपकेंद्र के विभिन्न क्षेत्रों में आज रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद उपकेन्द्र से निकलने वाली फीडरों की विद्युत आपूर्ति 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि बालोद 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली 11 केव्ही पाररास फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शिकारी पारा कुंदरू पारा, मधु चैक, रामदेव चैक, सदर रोड, बूढापारा कालोनी, कचहरी चैक एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

# राजनीति के चक्कर में पूर्वजों का अपमान कर रहे हैं राहुल गांधी- विभा सिंह




खैरागढ़ (दावा)। सैम पित्रोदा के विरासत कर कानून और हाल ही में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के राजा महाराजाओं की संपत्ति को लेकर दिए बयान के बाद खैरागढ़ रियासत की बहू और राजा देवव्रत सिंह की पत्नी विभा देवव्रत ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने देश के राजा और महाराजाओं का अपमान किया है। जनता की संपत्ति छीनना और उन्हें परेशान करना यह सरासर गलत है।

विभा सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश के राजा महाराजाओं का अपमान कर रहे हैं, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि इन राजाओं और महाराजाओं ने देश के लिए कितने बलिदान और योगदान दिए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत के इतिहास और देश को भी भूल चुके हैं। उन्हें अपनी राजनीति के आगे कुछ याद नहीं है।

रानी विभा सिंह ने कहा कि मैं खैरागढ़ रियासत की बहू हूं। मेरे दादा ससुर स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह और उनकी पत्नी रानी पद्मावती ने महल और देश की संपत्ति को बचाने के लिए कई बार दान किया है। उन्होंने जिस महल को दान किया है आज वह इंदिरा गांधी संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के नाम से विख्यात है। यहां देश-विदेश के छात्र पढ़ने आते हैं और इस वजह से खैरागढ़ का नाम रोशन होता है। कांग्रेस जिस तरह से अपमान कर रही है उसे लगता है कि कांग्रेस महिलाओं के अपमान के साथ ही देश के पूर्वजों का भी अपमान कर रही है।

## 105 वर्षीय मनीबेन ने किया मतदान...



छुरिया (दावा)। श्रीमति मनीबेन पटेल 105 वर्षीय मतदाता छुरिया में अपने नाती अजय पटेल के साथ मतदान केन्द्र 33 पर वोटिंग किया।

# एचएनएलयू और राष्ट्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क अकादमी (एनएसीआईएन) के बीच एम.ओ.यू.

रायपुर (दावा)। संस्थागत सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) ने आज नेशनल एकेडमी ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स (एन.ए.सी.आई.एन.) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य अप्रत्यक्ष कराधान और सीमा शुल्क कानूनों के क्षेत्र में पारस्परिक विकास को बढ़ावा देना है।

विश्वविद्यालय और एन.ए.सी.आई.एन. के बीच एम.ओ.यू. के लक्ष्य संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन। शिक्षण पद्धतियों, प्रशिक्षु विकास और अनुसंधान गतिविधियों में विकास पर जानकारी का आदान-प्रदान। विभिन्न कानूनी और प्रक्रियात्मक विषयों पर प्रशिक्षण संसाधनों का सह-साझाकरण। सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास। शैक्षिक उद्देश्यों के लिए एक-दूसरे की सुविधाओं और संसाधनों का पारस्परिक उपयोग करना है।

प्रो.विवेकानंदन, एच.एन.एल.यू. के कुलपति ने अपनी टिप्पणी में कहा, इस समझौता ज्ञापन से एच.एन.एल.यू. एवं एवं एन.ए.सी.आई.एन. को क्षमता निर्माण, अनुसंधान और वकालत के क्षेत्रों में, जीएसटी, सीमा शुल्क और नारकोटिक्स के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भागीदार संस्थानों के बीच आपसी सीखने का एवं पारस्परिक रूप से लाभ होगा।

एन.ए.सी.आई.एन. के अतिरिक्त निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि एच.एन.एल.यू. से विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं पर विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए यह एन.ए.सी.आई.एन. के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी है।

एमओयू पर एन.ए.सी.आई.एन. के अतिरिक्त निदेशक शैलेन्द्र कुमार और एचएनएलयू के प्रभारी रजिस्ट्रार डॉ. विपन कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत के कुलपति एवं एच.एन.एल.यू. के प्रतिष्ठित न्यायविद प्रोफेसर (डॉ.) परमजीत जसवाल गोविंद मिरी, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता, और सुश्री शिवी शांगवान, उप निदेशक, एन.ए.सी.आई.एन., डीन, प्राध्यापकों और एचएनएलयू के कर्मचारीगणों की भी उपस्थिति थी।

# अपना जेब भरो कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत ने किराना वाले को नास्ते का भुगतान 21 हजार किया**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सोनसायटोला में फर्जी बिल लगाकर पैसा निकाल ने का मामला सामने आया है। साथ ही किराना व्यापारी को होटल संचालक बनाकर चाय नाश्ता का बिल लगा दिया गया है।

माह जून 2023 में ग्राम सभा बैठक में चाय नाश्ता खर्च ग्राम पंचायत की योजना मूलभूत से किया गया, जिसमें ईमानदार सरपंच-सचिव ने किराना व्यापारी को चाय नाश्ता खर्च के लिए 21000 का चेक काटकर दे दिया। हमारी टीम जब चाय नाश्ता करने किराना व्यापारी के पास गई तो किराना व्यापारी ने जीवन में कभी भी चाय नाश्ता नहीं बेचने की बात कही। जबकि उसी किराना व्यापारी को चाय नाश्ता के नाम पर चेक के माध्यम से रूपये 21000 दिया गया है। इस विषय पर सीईओ अंबागढ़ चौकी से बात की गई तो जांच उपरांत कार्यवाही की बात कही। देखने का विषय यह होगा कि जांच उपरांत किराना व्यापारी चाय नाश्ता व्यापारी बन पाता है या फिर ग्राम पंचायत किराना दुकान से ही चाय नाश्ता लेते रहेंगे और अपना जेब भरो कार्यक्रम चलता रहेगा।

> मेरी चाय नाश्ता की दुकान नहीं है मैंने किराना का बिल दिया है। गड़बडी का जिम्मेदार पंचायत है।
> **- दीपक साहू, किराना व्यापारी**

> वर्सन - आपके द्वारा जानकारी मिली है जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।
> **सीईओ, जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी**

## आज बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्थानीय परीक्षाओं के नतीजे

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम संस्था में आज 30 अप्रैल को सुबह 9 बजे घोषित किये जायेगें। प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इसके अंतर्गत नर्सरी, केजी वन, केजी टू सहित कक्षा एक से लेकर कक्षा 9 वीं तक के परीक्षा परिणाम घोषित किये जायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने समस्त अभिभावकों, पालकों व छात्र छात्राओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति के लिए कहा है।

# देश की समृद्धि व विकास के लिए पुनः मोदी सरकार बनाने भाजपा कार्यकर्ता अडिग - गीता घासी साहू



**महिलाओं ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने लिया संकल्प**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू इन दिनों भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को जीत दिलाने के लिए रिसाली मंडल महिला मोर्चा, बूथ स्तरीय बैठक मरोदा टैंक, रिसाली भिलाई में बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 साल की उपलब्धियां की जानकारी दी, उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है, इसके साथ ही उन्होंने दुर्ग सांसद भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को भी जीताकर लोकसभा भेजने की अपील की, कांग्रेस द्वारा 1 लाख प्रतिवर्ष दिए जाने के लिए महिलाओं से फार्म भरवाए जाने को लेकर कहा कि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं को 500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था लेकिन नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस 500 रुपए महीने नहीं दे सकी तो एक लाख कैसे देगी, उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के समय महिलाओं को 1000 देने का वादा किया था और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद 1000 रुपए खाते में आने भी लगे हैं। इस दौरान महिलाओं ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी को लाभ मिला है देश की समृद्धि और चहुमुखी विकास के लिए पुनः मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कृत संकल्पित एवं अडिग है। बैठक में मुख्य रूप से चेमन लाल देशमुख, रजनी बघेल, उपासना साहू, शैलेंद्र शेंडे, करुणा बघेल, रुखमणी साहू, आशा उमरे, मोगरा देशमुख, रमा साहू, गजेंद्री कोठारी, ममता सिंहा, नागेंद्र पांडे सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र, पदाधिकारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बी.एल.ओ सहित भाजपा वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विक्रांत साजा, कोमल जांजगीर-चांपा, घम्मन साहू वैशाली नगर भिलाई में विजय बघेल के पक्ष में करेंगे प्रचार







खैरागढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद प्रदेश भाजपा द्वारा तीसरे चरण के चुनाव के लिए खैरागढ़ जिला भाजपा के नेताओं को अलग-अलग विधानसभा में दायित्व सोपा गया है, प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार शैडो विधायक व जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को जिला साजा विधानसभा, भाजपा जिलाध्यक्ष केसीजी घम्मन साहू जिला महामंत्री रामाधार रजक को दुर्ग लोकसभा के वैशाली नगर विधानसभा में पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार का दायित्व सौंपा गया है, इसी तरह पूर्व विधायक कोमल जंघेल को जांजगीर चांपा व अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीवन दास रात्रे को आरंग विधानसभा भेजा गया है। सभी नेताओं पार्टी के निर्देशानुसार अपने-अपने दायित्व के विधानसभा में पहुंचकर लोकसभा के प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने के लिए जोर-जोर से प्रचार-प्रसार में लग स्थानीय संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ अपने दायित्वों का बखूबी से निर्वहन कर रहे हैं।

# पहला कॉलम...

## आतंकवादियों की गोलीबारी से 2 पुलिसकर्मी सहित 5 हमलावरों की मौत

मॉस्को। रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चौकी पर हमला किया। इस हमले में दो अधिकारियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूस के आंतरिक मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा के अनुसार, रविवार देर रात कराची-चर्केसिया क्षेत्र में हुई गोलीबारी में चार अन्य अधिकारी घायल हो गए और सभी पांच हमलावर मारे गए। देश की शीर्ष राज्य आपराधिक जांच एजेंसी और जांच समिति ने इस हमले को लेकर कहा कि इन बंदूकधारियों ने एक सप्ताह पहले भी क्षेत्र में एक अन्य पुलिस चौकी पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और एक अन्य घायल हो गया था।

## पाकिस्तान में आतंकियों ने किया जाज को किडनैप

नई दिल्ली। पाकिस्तान में आतंकियों ने एक जज को किडनैप कर लिया है। अपहरण के बाद जज का वीडियो भी आतंकियों ने जारी किया है। वीडियो में जज अपनी जिंदगी को बचाने के लिए गुहार लगाते दिख रहे हैं। वे ये कह रहे हैं कि इन आतंकियों की सभी मांगों को पाक के चीफ जस्टिस मान लें। मीडिया को भी ये वीडियो भेजा गया है, जो सिर्फ एक मिनट का है। जज शकीरुल्लाह मारवात को अगवा किया गया है। जो वीडियो में काले पर्दे के आगे अकेले बैठे दिखाई दे रहे हैं।


वे बता रहे हैं कि उनका अपहरण शनिवार को तहरीक-ए-तालिबान के आतंकियों ने किया है। जज कहते दिख रहे हैं कि टीटीपी की कुछ डिमांड हैं, जिनको समय रहते पूरा किया जाए। चीफ जस्टिस ऐसा करें, ताकि उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो सके। हालांकि उनकी ओर से वीडियो में ये नहीं बताया गया है कि उनकी मांगें क्या हैं? वहीं, पाकिस्तान तालिबान की ओर से भी इस बाबत कोई जिम्मेदारी नहीं ली गई है, न ही वीडियो पर बयान जारी किया गया है। न ही इसको लेकर कोई प्रतिक्रिया प्रशासन की आई है। इस वीडियो की भी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।

## पूर्वी चीन सागर में भिड़े चीन और जापान

बीजिंग/टोक्यो: पूर्वी चीन सागर में जापान और चीन के बीच जबरदस्त तरीके से ठन गई है। टोक्यो में चीन के दूतावास और जापानी मीडिया ने रविवार को कहा कि पूर्वी चीन सागर में दोनों देशों के दावे वाले क्षेत्र में चीन के तट रक्षकों ने जापानी सांसदों का सामना किया, जो चीन और उससे जुड़े समुद्री विवादों की श्रृंखला में नवीनतम है। इसके पड़ोसी चीनी जहाजों ने अनिर्दिष्ट कानून प्रवर्तन उपाय किए। चीनी दूतावास ने एक बयान में कहा कि जापान ने उन छोटे, निर्जन द्वीपों के पास उल्लंघन और उकसावे÷ के लिए गंभीर प्रतिनिधित्व दर्ज किया था, जिसे बीजिंग डियाओयू और टोक्यो इसे सेनकाकू कहता है। चीन ने इसे जापान की उकसावे वाली कार्रवाई बताया है। चीनी दूतावास और जापानी सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के अनुसार पूर्व रक्षा मंत्री टोमोमी इनाडा सहित जापान का एक समूह ओकिनावा प्रान्त में इशिगाकी शहर द्वारा आयोजित एक निरीक्षण मिशन पर था। जापान-प्रशासित द्वीपों के आसपास जापान और चीन का बार-बार आमना-सामना होता रहा है। दक्षिण चीन सागर के विवादित क्षेत्रों में फिलीपीन की नौसेना के साथ भी चीन की झड़पें बढ़ रही हैं, जहां बीजिंग के विस्तृत समुद्री दावों का दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों के साथ टकराव होता है।

## दुबई में होगा दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

नई दिल्ली। टूरिज्म सेक्टर में यूनाइटेड अरब अमीरात दिन दोगुनी-रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। इसी के मद्देनजर श्व के शासक



शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने एक बड़ा ऐलान किया है। शेख मोहम्मद बिन ने रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर ऐलान करते हुए बताया कि दुबई दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट, इसके पोर्ट, शहरी केंद्र और नया ग्लोबल सेंटर बनेगा। उन्होंने इसी के तहत करीबन 35 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.9 लाख रुपये करोड़) की नई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट की घोषणा की है। शेख मोहम्मद ने आगे बताया कि नए हवाई अड्डे को अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कहा जाएगा और इसमें 5 रनवे, 260 मिलियन यात्रियों की मेजबानी की कैपेसिटी और 400 एयरक्राफ्ट गेट होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस नए प्रोजेक्ट से हमारे बच्चों और उनके बच्चों के लिए निरंतर और स्थिर विकास सुनिश्चित करेगी। पहली बार एवीएशन सेक्टर में नई एविएशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। दुबई के शासक ने आगे कहा कि यह एयरपोर्ट, वर्तमान दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आकार से 5 गुना बड़ा होगा, और आने वाले सालों में दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी ऑपरेशन को इसमें ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

# कोलकाता ने दिल्ली को सात विकेट से हराया, सॉल्ट ने जड़ा तूफानी अर्धशतक, गेंदबाजों की लगाई पिटाई



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल-2024 के 47वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। कोलकाता ने दिल्ली को इस सीजन में दूसरी बार हराया है। टीम ने 154 रन का टारगेट 16.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 153 रन बनाए। केकेआर से फिल सॉल्ट ने 33 बॉल पर 68 रनों की पारी खेली। उन्होंने सीजन में चौथी फिफ्टी जमाई। सुनील नरेन ने 15 और रिंकू सिंह ने 11 रन का योगदान दिया। अक्षर पटेल को 2 विकेट मिले।

इससे पहले, डीसी के कुलदीप यादव ने 26 बॉल पर नाबाद 35 रन बनाए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 27 रन का योगदान दिया। वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट चटकाए, जबकि वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा को 2-2 सफलताएं मिलीं। मिचेल स्टार्क और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता टॉप-2 पर कायम, छठा मैच जीता

इस जीत से कोलकाता की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 पर बरकरार है। टीम के खाते में 9 में से 6 जीत के साथ 12 अंक हैं। दूसरी ओर, हार के बावजूद दिल्ली छठे स्थान पर कामय है। कैपिटल्स के खाते में 10 अंक हैं।

### वेंकटेश के छक्के से जीता कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स पर 7 विकेट की जीत हासिल कर ली है। टीम ने 16.3 ओवर में 154 रन का टारगेट चेज कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर 33 और वेंकटेश अय्यर 26 रन पर नाबाद लौटे। फिल सॉल्ट ने 68 रन की पारी खेली।

### सॉल्ट ने जड़ा सीजन का चौथा अर्धशतक

ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 16.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 157 रन बनाए। इस मैच में फिल सॉल्ट और सुनील नरेन ने केकेआर को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट 79 रनों की साझेदारी हुई। नरेन 10 गेंदों में 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, फिल सॉल्ट ने 26 गेंदों में जोरदार अर्धशतक लगाया। यह उनके बल्ले से इस सीजन का चौथा अर्धशतक निकला।

# रावलपिंडी, लाहौर और कराची में होंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिये कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है।

### क्या भारत जाएगा पाकिस्तान?

भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच न्यूट्रल स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, 'हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के लिये शेड्यूल भेज दिया है । आईसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही। उन्होने इंतजामात का जायजा लिया और हमने भी उन्हें सारी जानकारी दी ।' पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था । भारत के मैच श्रीलंका में कराये गए थे जबकि टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान था।

### 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा पाकिस्तान

पाकिस्तान 29 साल के लंबे अंतराल के बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी 2025 में करने जा रहा है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तान ने आखिरी बार 1996 में आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी।

# रवींद्र जडेजा के चयन को लेकर आपस में भिड़े टॉम मूडी और श्रीकांत

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द ही किया जाएगा और इस टीम में रवींद्र जडेजा के होने की पूरी संभावना है। जडेजा भारत के बेस्ट स्पिन ऑलराउंडर माने जाते हैं और क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में भी उन्होंने खुद को साबित किया है, लेकिन इस टी20 वर्ल्ड कप के लिए उनका टीम में चयन किया जाना चाहिए या नहीं इसे लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीकांत और टॉम मूडी की राय आपस में पूरी तरह से अलग दिखी।



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा है कि रवींद्र जडेजा टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत के नंबर 7 बल्लेबाज बनने के लिए सही च्वाइस नहीं हैं। हालांकि मूडी ने अक्षर पटेल से पहले जडेजा को चुना लेकिन यह सलाह दी कि टीम को किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत है जो जडेजा से बेहतर स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर सके। उन्होंने कहा कि मैं दोनों (रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल) को नहीं लूंगा। मूडी ने आगे कहा कि वह भारत के सबसे अच्छे बाएं हाथ के स्पिनर जरूर हैं, लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए बेस्ट नहीं हैं। मुझे नहीं लगता है कि वह विश्व कप टीम में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए पर्याप्त है। जडेजा ने अपने स्ट्राइक रेट से यह साबित कर दिया है कि आपको सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए एक प्रभावशाली खिलाड़ी की जरूरत है।

# शेयर बाजार : सेंसेक्स व निफ्टी में आई उछाल

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार की रफ्तार आज तेज रही और मार्केट ओपनिंग में अच्छा उछाल देखने को मिला है. बैंकिंग शेयरों के सपोर्ट से बाजार ऊपर जा रहा है. आज बाजार की ओपनिंग में 1500 शेयर उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं और इंडिगो का शेयर साल की ऊंचाई पर आ गया है. यस बैंक भी 7 फीसदी ऊपर है जबकि बीएसई का शेयर बाजार खुलने के बाद 16 फीसदी की भारीभरकम गिरावट के साथ नीचे आ गया है. बीएसई का सेंसेक्स 252.59 अंक या 0.34 फीसदी की तेजी के साथ 73,982.75 के लेवल पर ओपन हुआ है और एनएसई का निफ्टी 55.60 अंकों या 0.25 फीसदी की बढ़त के साथ 22,475 के लेवल पर जाकर खुला है.

# केन्या में भारी बारिश के चलते टूट गया बांध, मच गई तबाही; मर गए 40 लोग

नैरोबी। अफ्रीकी देश केन्या के पश्चिमी इलाके में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। केन्या पुलिस की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई है। पुलिस अधिकारी स्टीफन किरुई ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि बांध के टूटने के बाद बाढ़ का पानी घरों में आ घुसा और एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया। हालात बेकाबू हैं और लोगों तक मदद पहुंचाने की कोशिशें जारी हैं।



पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई। ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र में अचानक बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। बांध टूटने के बाद पानी नीचे की ओर बहने लगा। केन्या में बीते कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ के कारण अब तक करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि केन्या में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। भारी बारिश के चलते देश के कई हिस्से भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए है, हालात बेकाबू हो गए हैं। कहना गलत नहीं होगा कि तकरीबन आधा केन्या इस वक्त बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ की वजह से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। सड़कों, गलियों और लोगों के घरों तक में पानी भर गया है। जगह-जगह रास्ते में वाहन पानी में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और लोगों तक राहत भी नहीं पहुंच पा रही है।

केन्या की राजधानी नैरोबी में बाढ़ की वजह से कई सड़कें बंद हो गई हैं और तमाम इलाकों में पानी भर गया है। नैरोबी में हालात काफी मुश्किल हो गए हैं, हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। राहत और बचाव के कार्य में सरकार सभी संसाधनों का उपयोग कर रही है लेकिन हालात बेकाबू हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड ने 15 सदस्यीय टीम का किया एलान



केन विलियमसन को मिली कप्तानी

नईदिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड ने अपने 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है. केन विलियमसन ही इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के कप्तान होंगे. न्यूजीलैंड ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली थी. हालांकि फुल स्क्वॉड वाली टीम पाकिस्तान दौरे पर नहीं गई थी. वहीं कप्तान केन विलियमसन इन दिनों आईपीएल 2024 के लिए भारत में मौजूद है और वह गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं.

बता दें कि आईसीसी ने सभी टीमों को 1 मई तक अपनी टीम का ऐलान करने के लिए कहा है, लेकिन न्यूजीलैंड ने उससे पहले 29 अप्रैल (सोमवार) को ही अपने टीम का एलान कर दिया. इस बार टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा. टी20 विश्व कप की शुरुआत तो 1 जून से होगी, लेकिन न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 7 जून से अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी. बता दें कि न्यूज़ीलैंड ग्रुप-सी में रखा गया है.

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड की टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा बैलेंस दिखाई दे रहा है. टीम में केन विलमयसन, ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी और डेरिल मिचेल जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं. तो वहीं मार्क चैपमैन और रचिन रवींद्र जैसे युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है. रचिन रवींद्र भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भी न्यूजीलैंड का हिस्सा थे और शानदार प्रदर्शन किया था. रचिन इन दिनों आईपीएल 2024 के लिए भारत में हैं. और वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं. वहीं न्यूजीलैंड के स्क्वाड का एलान बच्चों ने किया.

# भारत की जगह चीन पहुंचे एलन मस्क

नई दिल्ली। टेस्ला के मालिक एलन मस्क रविवार को अचानक चीन पहुंच गए, इस दौरान उन्होंने चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की. कहा जा रहा है कि एलन मस्क चीन के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी टेस्ला की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक को लॉन्च कर सकते हैं. ली कियांग से मुलाकात के दौरान मस्क ने टेस्ला की आगामी योजनाओं के बारे में चर्चा की. ली कियांग ने मस्क से कहा कि चीन का विशाल बाजार विदेशी वित्तपोषित उद्योग के लिए हमेशा खुला रहेगा.

चीनी प्रधानमंत्री ने कहा कि चीन हमेशा विदेशी निवेशकों को बेहतर कारोबारी महौल देता है. ली कियांग ने कहा कि चीन बाजार पहुंच का विस्तार और सेवाओं में सुधार के लिए कड़ी मेहनत करेगा, जिससे विदेशी कंपनी चीन में शांत मन से निवेश कर सकें.

# एमडीएच और एवरेस्ट की अमेरिका ने 31 प्रतिशत फीसदी मसाले लौटाए

नई दिल्ली । भारतीय मसाला निर्माताओं एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ उत्पादों पर लगातार चिंताएं जताई जा रही हैं। इस बीच इन चिंताओं के कारण साल्मोनेला संदूषण के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्यात किए गए मसाले से संबंधित शिपमेंट के लिए इनकार दरों में वृद्धि दर्ज की गई है।





जानकारी के अनुसार, पिछले छह महीनों में, अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारियों ने MDH के 31 प्रतिशत मसाला शिपमेंट को अस्वीकार कर दिया, जबकि पिछले साल यह 15 प्रतिशत था। साल्मोनेला संदूषण पर इनकार की दर में वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब सिंगापुर और हांगकांग दोनों ने मसाला मिश्रणों में कथित कार्सिनोजेनिक कीटनाशक पाए जाने पर एमडीएच और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की कुछ वस्तुओं की बिक्री निलंबित कर दी थी। एक रिपोर्ट के मताबिक अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन MDH और एवरेस्ट उत्पादों पर जानकारी इकट्ठा कर रहा है। FDA के एक प्रवक्ता ने बताया, FDA रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी इकट्ठा कर रहा है। हांगकांग और सिंगापुर के कदमों के बाद भारत में दो सबसे लोकप्रिय मसाला ब्रांड भी गुणवत्ता मानकों के लिए भारतीय नियामक की जांच के दायरे में हैं।

# प्रथम पेज का शेष

***पांच साल, पांच प्रधानमंत्री....***

अगर हमारी सरकार का इरादा आरक्षण खत्म करने का था, तो हमारे पास पहले से ही पर्याप्त संख्या है। आज, मैं हूं देश से अधिक सीटों की मांग कर रहा हूं, ताकि मेरे पास कांग्रेस और इंडिया समूह की साजिशों को नकाम करने की अधिक शक्ति हो।कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए श्री मोदी ने कहा, कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान भी लागू नहीं होने दिया था। अनुच्छेद 370 लागू करके कांग्रेस ने देश के संविधान का अपमान किया था, लेकिन, जब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म किया, तो यह सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी गारंटी बन गई। जम्मू-कश्मीर में पहली बार एससी/एसटी, ओबीसी और महिलाओं को वही अधिकार मिले हैं, जिनकी बाबा साहब ने देश के लिए कल्पना की थी। गरीबों के कल्याण के लिए लाई गई कई योजनाओं के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ÷पिछले 10 वर्षों में हमने गरीबों के कल्याण के लिए जो भी योजनाएं लागू की हैं, उनसे दलितों, आदिवासियों और हाशिए पर रहने वाले लोगों को लाभ हुआ है। मुफ्त राशन, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, पक्के घर, शौचालय, बिजली, गैस, पानी - ये सभी मुख्य रूप से समाज के सबसे वंचित वर्गों तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार एससी/एसटी/ओबीसी परिवारों को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए हर घर, हर गांव तक पहुंची है।

***शुरुआती दो चरणों के चुनाव में ...***

खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान भूमि सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण और जीवन बीमा निगम के माध्यम से ऐसा किया था। यह गरीबों के लिए किया गया था। उन्होंने सवाल किया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी संप्रग सरकार के दौरान मनरेगा लेकर आईं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस खाद्य सुरक्षा अधिनियम लेकर आई और गरीबों को हर महीने 35 किलोग्राम अनाज दिया, लेकिन मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान पांच किलोग्राम अतिरिक्त अनाज दिया और शेखी बघार रहे हैं कि वह देश के 80 करोड़ लोगों को अनाज दे रहे हैं।

***दिल्ली पुलिस के नोटिस पर सीएम रेवंत बोले-...***

इस दौरान उन्होंने भी पीएम मोदी पर निशाना साधा। जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के देश छोड़ने पर उन्होंने आश्चर्य जताया। उन्होंने पीएम मोदी पर महिलाओं के खिलाफ अत्याचार करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के साथ उस व्यक्ति ने मंच साझा किया कि जिसने हजारों महिलाओं के साथ अत्याचार किया। पीएम मोदी ने उस व्यक्ति के लिए वोट मांगा, जिसने महिलाओं को प्रताड़ित किया। मैं पीएम मोदी गृहमंत्री अमित शाह से पूछना चाहती हूं कि वे इसके बारे में क्या कहेंगे। विपक्षी नेता की जानकारी है पर आरोपियों की जानकारी नहीं- प्रियंका ने कहा कि कुछ समय पहले मैं तीन दिन के लिए अपनी बेटी से मिलने गई थी तो वे लोग कहने लगे कि मैं विदेश गई। उन्हें यह पता चल जाता है कि विपक्षी नेता कहां गए हैं लेकिन एक अपराधी देश छोड़कर चला गया, यह पता नहीं चला। इस पर हम कैसे विश्वास कर लें। वे सभी नेताओं पर नजर रख रहे हैं। उन्हें सब पता है कि कौन कहां जा रहा है लेकिन उन्हें एक अपराधी के देश छोड़ने की कोई जानकारी नहीं है।

***मोदी जी के पिटारे में अभी देश के...***

उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में हुए शराब घोटाले, डीएमएफ घोटाले, रेत घोटाले, कोयला घोटाले, जमीन घोटाले की परत दर परत उधेड दी। उनके टारगेट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी रहे। श्री साय ने उसे प्रदेश के युवाओं का भविष्य खराब करने वाला बताया। सीएम साय ने सरगुजा वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछले चुनाव में संभाग की सभी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया और भाजपा को सत्ता में बैठाया। जिससे खुश होकर मोदी जी ने सरगुजा संभाग के बेटे को मुख्यमंत्री बना दिया। उन्होंने जनता से लोकसभा चुनाव के लिए भी आशीर्वाद माँगा।

0 कांग्रेस ने वादाखिलाफी की सारी हदें पार कर दी थी- कोरबा के करतला में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पिछली कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास से वंचित कर दिया था। मोदी सरकार द्वारा भेजे गए केन्द्रांश को भूपेश बघेल की सरकार ने वापस लौटा दिया और गरीबों के आवास अधूरे के अधूरे रह गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस देने का वादा भी पूरा नहीं किया। जबकि हमारी सरकार ने शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन 18 लाख पीएम आवास को स्वीकृति देकर अपना वादा पूरा किया, मोदी की गारंटी को पूरा किया। आदिवासी बहुल इलाके में सभा के लिए पहुंचे सीएम साय ने कहा कि मोदी जी और भाजपा के कारण आदिवासियों का उत्थान हुआ है। क्योंकि भाजपा ही आदिवासियों की असली हितैषी है। उन्होंने देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू के विराजमान होने और छत्तीसगढ़ में पहली बार एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर कहा कि ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वजह से ही संभव हुआ है। श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया और मोदी जी उसे आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सभा में मुख्यमंत्री ने आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया।

अपने चुनावी अभियान के अंतर्गत देर शाम को मुंगेली के रोहरा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। वे देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और 2047 तक विकसित भारत बनाने का चुनाव है। श्री साय ने कहा कि मोदी जी ने देशवासियों को कोरोना का इंजेक्शन मुफ्त में देने का काम किया। 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को मुफ्त में चावल दिया जा रहा है। जनहित के सभी बड़े-बड़े काम मोदी जी ने किये हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी जनहित के और भी बड़े-बड़े कार्यों को पूरा करेंगे। उनके पिटारे में देशवासियों के लिए अभी बहुत कुछ है। ये कहते हुए उन्होंने तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। विष्णु देव साय ने सरगुजा लोकसभा के लिए चिंतामणि महाराज, कोरबा के लिए सुश्री सरोज पांडेय और बिलासपुर के लिए तोखन साहू के पक्ष में जमकर मतदान करने को कहा।

***सकरी पहुंचे राहुल गांधी ने कहा...***

झंडे-बैनर को लेकर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई करते हुए कांग्रेस के झंडों को निकाल लिया जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने एसडीएम और पुलिस अधिकारियों से बात भी की। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना तय है। इसके लिए बिलासपुर में स्टार प्रचारकों का आना व प्रचार करना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में आज (29 अप्रैल) राहुल गांधी का दौरा है।

***आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के बाद ...***

इस हमले में प्रवर्तन निदेशालय के कई सदस्य घायल हो गए। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले से सामने आई थी, जहां अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के साथ, एक कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में स्थानों पर छापेमारी करने गए थे। टीम पर उस समय हमला किया गया जब वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास के पास पहुंची थी।

***देश को मजबूर नहीं मजबूत नेतृत्व....***

पीएम मोदी ने पूरे बिहार और झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त किया। उन्होंने लोगों से प्रत्याशी गिरिराज सिंह को वोट करने की अपील करते हुए कहा कि इन्हें दिया गया एक-एक वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि लालू यादव, शरद पवार, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल जैसे घमंडिया गठबंधन के नेताओं में देश को चलाने की ताकत नहीं है।

# नीट में करना है अच्छा स्कोर, तो इस टेक्निक का करें इस्तेमाल



भारत में अगर डॉक्टर बनना है, तो नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट को पास करना होता है. इसके बिना डॉक्टर बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता है. इसे डॉक्टर बनने की एंट्री गेट भी कहा जाता है. अगर जो भी इस गेट को पार कर लेते है वह डॉक्टर बनने की पहली सीढ़ी चढ़ जाता है. इसके लिए उम्मीदवारों को जी तोड़ मेहनत करनी पड़ती है. साथ ही कई तरह की चीजों को भी इस्तेमाल करना पड़ता है. अगर आप भी डॉक्टर बनने की ख्वाहिश रखते हैं, तो एक ऐसे ही उपकरण के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका इस्तेमाल करने से नीट की तैयारी में मदद मिल सकती है.

निमोनिक्स एक मेमोरी डिवाइस है, जो उम्मीदवारों को किसी भी बड़े चीजों को याद रखने में मदद करता है. रिसर्चरों ने पाया कि जो छात्र रेगुलर रूप से निमोनिक डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं, उनके टेस्ट स्कोर में 77 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है. नीट की तैयारी करने वाले उम्मीदवार पीरियोडिक टेबल को याद करने के लिए निमोनिक्स का इस्तेमाल करते हैं. निमोनिक्स कई तरह के होते हैं, जो केवल पर्सनल शिक्षार्थियों की रचनात्मकता तक ही सीमित हैं. यह हैंडआउट नौ मूलभूत प्रकारों को रेखांकित करता है. इनमें संगीत, नाम, शब्द, मॉडल, कविता, नोट संगठन, छवि, कनेक्शन और वर्तनी शामिल है.

**कॉन्सेप्ट को बनाए रखने की बढ़ी हुई क्षमता**

निमोनिक्स मौजूदा नॉलेज या परिचित कॉन्सेप्ट के साथ जुड़ाव बनाकर काफी लंबे समय तक मेमोरी में जानकारी को एन्कोड करने में मदद करता है. नई जानकारी को किसी ऐसी चीज़ से जोड़कर जिसे आप पहले से जानते हैं, आप परीक्षा के दौरान इसे अधिक आसानी से याद रख सकते हैं.

जटिल लंबे कॉन्सेप्ट को सरल बनाना

नीट यूजी परीक्षा में अक्सर आपको जटिल साइंटिफिक कॉन्सेप्ट को समझने और याद करने की आवश्यकता होती है. निमोनिक्स इन कॉन्सेप्ट को सरल, आसान भागों में तोड़ देता है, जिससे उन्हें समझना और याद रखना आसान हो जाता है.

**कॉन्सेप्ट को तीव्रता के साथ याद करने की क्षमता**

निमोनिक्स त्वरित संकेत या ट्रिगर प्रदान करता है, जो आपको परीक्षा के दौरान जानकारी को तेजी से याद रखने में मदद करता है. फैक्ट की एक लंबी लिस्ट को याद रखने की कोशिश करने के बजाय, आप आसानी से जानकारी प्राप्त करने के लिए निमोनिक्स डिवाइस पर भरोसा कर सकते हैं.

# क्या है सरकारी जॉब साइट का सच ?

भारत में राज्य और केंद्रीय स्तर पर कई सरकारी नौकरियां निकलती हैं. सरकारी नौकरी करने के इच्छुक युवा विभिन्न जॉब पोर्टल पर इनके नोटिफिकेशन चेक करते रहते हैं. सरकारी नौकरी ढूंढना भी किसी कठिन प्रक्रिया से कम नहीं है.

हालांकि, इसे आसान बनाने के लिए सरकार ने नेशनल करियर सर्विसेस नाम का जॉब पोर्टल शुरू किया है. इसे ncs.gov.in पर एक्सेस किया जा सकता है.

एनसीएस, नेशनल करियर सर्विसेस ने इस रोजगार पोर्टल से जुड़े कुछ चौंकाने वाले आंकड़े शेयर किए हैं. इन आंकड़ों को देखकर आपको समझ में नहीं आएगा कि रोजगार के लिए इच्छुक युवा आखिरकार नौकरी के लिए आवेदन कर क्यों नहीं रहे हैं.

नेशनल करियर सर्विसेस के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस पोर्टल पर करीब 1.09 करोड़ नौकरियां लिस्ट की गई थीं. लेकिन इन गवर्नमेंट जॉब्स के लिए आवेदन की संख्या कम रही.

1 करोड़ नौकरियों के लिए 87 लाख आवेदन

देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 की लहर चल रही है . सरकार कोई भी रहे, युवाओं के लिए रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा रहता है. लेकिन एनसीएस के आंकड़े देखें तो नौकरियां ज्यादा हैं और आवेदक कम. एनसीएस के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के तहत पोर्टल पर कुल 1,09,24,161 वैकेंसी लिस्ट की गई थीं. लेकिन पोर्टल पर रजिस्टर्ड जॉब सीकर्स में से सिर्फ 87,27,900 युवाओं ने ही इन नौकरियों के लिए आवेदन किया.

सरकारी नौकरी में हुआ इजाफा

एनसीएस, नेशनल करियर सर्विस का डेटा कुछ और भी दर्शा रहा है. पिछले साल की तुलना में 2024 में जॉब पोर्टल पर 214 प्रतिशत ज्यादा वैकेंसी की लिस्टिंग की गई है. वित्त वर्ष 2022-23 में इस पोर्टल पर 34,81,944 जॉब्स लिस्ट हुई थीं. पिछले साल के मुकाबले इस साल जॉब के लिए अप्लाई करने वालों की संख्या देखें तो इसमें 53ब का इजाफा हुआ है. 2022-23 में महज 57,20,748 लोगों ने ही सरकारी नौकरी के लिए आवेदन किया था.

इस सेक्टर में नौकरियों की बहार

वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे ज्यादा यानी 46,68,845 वैकेंसी फाइनेंस एंड इंश्योरेंस सेक्टर में दर्ज की गईं. इसके बाद स्पोर्ट सेक्टर में 14,46,404 और सिविल एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 11,75,900 नौकरियों के नोटिफिकेशन निकाले गए थे. सरकार ने एनसीएस को खास मकसद से तैयार किया है . इसमें देश में उपलब्ध हर तरह की नौकरियों का डेटाबेस रहता है. प्राइवेट सेक्टर वाले भी इस पोर्टल पर अपनी जॉब वैकेंसी लिस्ट कर सकते हैं.



# नीट पीजी परीक्षा डेट क्यों बदल दी गई ? RTI में हुआ खुलासा

भारतीय मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए नीट परीक्षा पास करना जरूरी है. नीट परीक्षा यूजी व पीजी, दोनों स्तरों पर होती है.

नीट पीजी परीक्षा 07 जुलाई, 2024 को प्रस्तावित थी. लेकिन किन्हीं कारणों से इसे प्रीपोन कर दिया गया. नीट पीजी 2024 परीक्षा 23 जून को आयोजित की जाएगी. डॉ. विवेक पांडे ने एक आरटीआई फाइल कर एमएनसी से इसकी वजह पूछी थी.

नीट पीजी परीक्षा को प्रीपोन करने के पीछे कोई कारण नहीं बताया गया था . इस साल नीट पीजी परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स असमंजस की स्थिति में थे. कोई इसे लोकसभा चुनाव से जोड़ रहा था तो कोई किसी और चीज से. हालांकि अब आरटीआई में नीट पीजी परीक्षा डेट प्रीपोन होने की वजह स्पष्ट हो गई है.

सिर्फ इतना ही नहीं, नेशनल मेडिकल कमीशन ने नीट पीजी 2024 के टेंटेटिव काउंसलिंग शेड्यूल की जानकारी भी दी है.

क्यों बदली गई नीट पीजी 2024 परीक्षा डेट ?

एनएमसी ने नीट पीजी 2024 परीक्षा डेट बदलने के पीछे बड़ी वजह बताई है. एनएमसी से जुड़े अधिकारियों ने डॉ. विवेक पांडे द्वारा दायर की गई आरटीआई का जवाब दिया है. उनका कहना है कि 07 जुलाई को रथ यात्रा होने की वजह से यह फैसला लिया गया है. दरअसल, 07 जुलाई, 2024 को श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी. इससे नीट पीजी परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स को परेशानी हो सकती है.

नोट करें नीट पीजी 2024 शेड्यूल



नीट पीजी परीक्षा 2024 देने से पहले उसके टेंटेटिव शेड्यूल की जानकारी होना जरूरी है. इससे आप मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी बेहतर तरीके से प्लान कर सकते हैं. जानिए साल 2024 में मेडिकल के पोस्टग्रेजुएट एंट्रेंस एग्जाम का पूरा शेड्यूल क्या है- नीट पीजी 2024 सीट मैट्रिक्स 31 जुलाई, 2024,नीट पीजी 2024 काउंसलिंग 5 अगस्त से 15 अक्टूबर, 2024, नीट पीजी 2024 नए सत्र की शुरुआत - 16 सितंबर, 2024, नीट पीजी 2024 मेडिकल कॉलेज जॉइन करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर, 2024।

# ओएनजीसी में नौकरी पाने का अच्छा मौका



ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन में नौकरी करना चाहते हैं तो आपके लिए एक अच्छा मौका है. यहां कुछ रिक्त पदों को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों के आवेदन मांगे गए हैं.

ओएनजीसी असम ने जूनियर/एसोसिएट कंसल्टेंट के पदों पर भर्तियां निकाली है. इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है. इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स ओएनजीसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. यहां देखिए भर्ती से जुड़ी तमाम जरूरी डिटेल्स...

आवेदन की लास्ट डेट

ओएनजीसी की इस भर्ती के लिए आवेदन करने के इच्छुक कैंडिडेट्स 10 मई 2024 तक अपना आवेदन फॉर्म भर सकते हैं.

**वैकेंसी डिटेल**

भर्ती नोटिफिकेशन के मुताबिक ओएनजीसी असम एसेट द्वारा इस भर्ती अभियान के तहत प्रोडक्शन, ड्रिलिंग और मैकेनिकल में उम्मीदवारों की नियुक्तियां की जाएंगी. ओएनजीसी की ओर से जूनियर/एसोसिएट कंसल्टेंट के कुल 28 पदों को भरा जाना है.

**आयु सीमा**

ओएनजीसी जूनियर/एसोसिएट कंसल्टेंट भर्ती 2024 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा 63 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए.

**आवेदन के लिए जरूरी योग्यता**

ओएनजीसी जूनियर/एसोसिएट कंसल्टेंट भर्ती 2024 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास ऑफिशियल भर्ती नोटिफिकेशन के अनुसार संबंधित योग्यता होनी चाहिए.

**ऐसे होगा सिलेक्शन**

जूनियर/एसोसिएट कंसल्टेंट के पदों पर कैंडिडेट्स की सिलेक्शन उनकी योग्यता और वर्क एक्सपीरियंस के बेसिस पर होगा. चयन प्रक्रिया के तहत सबसे पहले आवेदनों की समीक्षा करके ये सुनिश्चित किया जाएगा कि उम्मीदवार दिए गए मानदंडों को पूरा करता भी है या नहीं. इसके बाद शॉर्टलिस्टेट कैंडिडेट्स को ईमेल के जरिए तारीख, स्थान, टेस्ट समेत इंटरव्यू आदि के बारे में से जानकारी दे दी जाएगी.

# ये हैं दुनिया की सबसे अजब-गजब नौकरियां

**ज्यादातर लोगों के लिए नौकरी करना एक जरूरत है. लेकिन कुछ के लिए शौक भी है. युवा अपने पैशन को प्रोफेशन बनाने में जरा भी नहीं झिझकते हैं. शायद इसीलिए दुनियाभर में अजब-गजब नौकरियों का ट्रेंड बढ़ गया है. देश-विदेश में ऐसी कई नौकरियां हैं, जिनके बारे में आपने न तो सुना होगा और न ही कभी उनमें करियर बनाने के बारे में सोच तक पाएंगे. लेकिन ऐसी अजब-गजब नौकरियों में कमाई लाखों में होती है.**

बचपन में स्कूल से लेकर घर तक, किसी भी बच्चे से एक सवाल जरूर पूछा जाता है- बड़े होकर क्या बनोगे ? इसके जवाब में कोई डॉक्टर बोलता है, कोई टीचर, कोई इंजीनियर तो कोई खिलाड़ी. लेकिन किसी ने भी ऐसा शायद ही कहा हो कि वह बड़े होकर सिर्फ सोना चाहता है या खाना चाहता है . क्या आप यकीन करेंगे कि अजब-गजब नौकरी की लिस्ट में ये सब काम शामिल हैं और इनके बदले में हर महीने लाखों की कमाई की जा सकती है.

**1- किराये पर बन जाएं बॉयफ्रेंड**

जापान समेत कई देशों में किराये पर बॉयफ्रेंड/ गर्लफ्रेंड बनाने का ट्रेंड चल पड़ा है. जापान में सिंगल लड़कियां किराये पर बॉयफ्रेंड बनाकर अपना अकेलापन दूर करती हैं. इसके बदले में उन लड़कों को अच्छी-खासी सैलरी दी जाती है. इसके लिए किसी खास शैक्षिक योग्यता की जरूरत बेशक नहीं है, लेकिन अन्य एलिजिबिलिटी की मांग हो सकती है. यह सुनने में अजीब जरूर लग रहा है लेकिन कोई बड़ी बात नहीं है अगर भारत में भी इसका ट्रेंड शुरू हो जाए.

**2- सोकर कमाएं लाखों रुपये**

प्रोफेशनल स्लीपर की डिमांड देश-विदेश में है. अगर आपको सोने का शौक है लेकिन कुंभकर्ण की तरह रॉयल परिवार से नहीं हैं तो भी परेशान होने की जरूरत नहीं है. मैट्रेस बनाने वाली कई कंपनियां अपने यहां प्रोफेशनल स्लीपर हायर करते हैं. इन लोगों को इन कंपनियों के बनाए हुए गद्दों या तकियों का इस्तेमाल कर उसका रिव्यू करना होता है. नींद पर रिसर्च करने वाले रिसर्चर भी ऐसे लोगों को सोने के बदले में अच्छी सैलरी देते हैं.

**3- लाइन में खड़े होने/ धक्का मारने की नौकरी**

जो काम आप बचपन में बिना पैसों के करते थे, अब उसके लिए भी सैलरी की मांग कर सकते हैं.

प्रोफेशनल धक्का मारने वाले और लाइन में खड़े होने वालों की काफी मांग है. सुबह-शाम या पीक आवर्स में मेट्रो या लोकल ट्रेन में भीड़ ज्यादा होने पर पेशेवर धक्का मारने वालों को नौकरी पर रखा जाता है. सिर्फ यही नहीं, कई जगहों पर फिल्म/ट्रेन/बस आदि के टिकट खरीदने के लिए भी पेशेवरों को लाइन में खड़े होने का पैसा दिया जाता है.

**4- वॉटर स्लाइड टेस्टर की भी है डिमांड**

अगर आप अपनी रेगुलर 9 टु 5 जॉब में बोरियत महसूस कर रहे हैं तो आपको वॉटर स्लाइड टेस्टर जॉब के बारे में जरूर पता होना चाहिए. बहुत लोग बिजी और बोरिंग शेड्यूल से ब्रेक लेने के लिए अम्यूजमेंट/ वॉटर पार्क में घूमने जाते हैं. लेकिन अगर यह ब्रेक ही आपकी नौकरी बन जाए तो ? वॉटर स्लाइड टेस्टर को अम्यूजमेंट पार्क में वॉटर स्लाइड्स की सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है. इनका जॉब प्रोफाइल यही होता है. इसी के बदले में उन्हें सैलरी मिलती है.

**5- फिल्में देखकर होगी कमाई**

नेटफिलक्स पर फिल्में और सीरीज देखने का शौक तो बहुत होगा लेकिन कई बार समय की कमी के चलते इसे पूरा नहीं कर पाते होंगे. अगर आपके साथ भी ऐसा है तो जान लीजिए कि नेटफिलक्स ने कई ऐसे लोगों को नौकरी पर रखा है, जिनका काम रिलीज से पहले ही फिल्म या वेब सीरीज देखना होता है. उन्हें नेटफिलक्स की अपकमिंग मूवीज को देखकर उन्हें रिव्यू करना होता है और सही टैग्स लगाने होते हैं ताकि लोग अपनी पसंद की फिल्में आसानी से ढूंढ सकें.

# नौकरी नहीं मिली तो खरीद लिए गधे, महीने कर रहा लाखों की कमाई



गुजरात के लोगों कारोबार, बिजनेस में अव्वल है, ये बात किसी से छिपी नहीं है. वो मिट्टी बेचकर पैसा कमाने का गुर जानते हैं. पाटण जिले के रहने वाले धीरेन सोलंकी को जब मन मुताबिक नौकरी नहीं मिली तो उसने अपना धंधा शुरू करने का फैसला किया. गाय-भैस का दूध यहां 60 से 65 रुपये लीटर बिकता है, धीरेन ने दूध का ही अनूठा बिजनेस चुना. 5000 से 7000 रुपये लीटर बिकने वाले डंकी मिल्क ( गधी का दूध) बेचने का काम शुरू किया. इस दूध से उसने 2.5 करोड़ का कारोबार खड़ा कर लिया है.

धीरेन पढ़ाई पूरी कर नौकरी करना चाहते थे. कई जगह इंटरव्यू भी दिए, लेकिन मनचाही नौकरी नहीं मिली. जहां मिली, वहां सैलरी इतनी नहीं थी कि वो अपना पूरा खर्चा निकाल सके. ऐसे में धीरेन ने कुछ लोन और कुछ सेविंग के पैसों से गधे खरीद लिए. दरअसल उन्होंने गधी के दूध के बिजनेस के बारे में काफी कुछ सुना था. दक्षिण भारत में डंकी फॉर्म का खूब चलन भी है. उन्होंने वहां से डंकी फॉर्मिंग के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा की और अपने गांव आकर 20 गधे खरीद लिए.

5000 से 7000 रुपये लीटर डंकी मिल्क

धीरेन ने शुरुआत में 20 गधे खरीदे. 22 लाख की लागत से उसने फॉर्म हाउस बनाया और करीब 43 मादा गधे को पालना शुरू किया. शुरुआत चार-पांच महीने में कुछ खास नहीं दिखा, लेकिन धीरेन ने हार नहीं मानी और काम करते रहे. डंकी मिल्क गाय-भैंस के दूध के मुकाबले 70 गुना महंगा होगा होता. जहां गाय-भैंस का दूध 60 से 65 रुपये लीटर मिल जाता है वहीं गधी का गधी का दूध 5000 रुपये लीटर बिकता है. डंकी मिल्क की बदौलत वो अब हर महीने 3 से 4 लाख रुपये की कमाई कर रहे हैं.

**गधी के दूध की डिमांड**

धीरेन ने देखा कि गुजरात के बजाए दक्षिण भारत में गधी के दूध की ज्यादा डिमांड है. उसने बिना देर किए अपने प्रोडक्ट को ऑनलाइन बेचना शुरू कर दिया. उसे कर्नाटक और केरल से खूब ऑर्डर आने लगे. पर्सनल इस्तेमाल के अलावा कॉस्मेटिक कंपनियां गधी के दूध की ग्राहक है. दूध के अलावा वो डंकी के मिल्क को सुखाकर उसका पाउंडर भी सेल करते हैं. इस पाउडर की भी बड़ी डिमांड है. एक किलोग्राम पाउडर मिल्क की कीमत एक लाख रुपये तक चली जाती है.

**कहां होता है इस्तेमाल**

गधी के दूध में प्रोटीन और फैट कम होता है, लेकिन लैक्टॉज ज्यादा होता है. ये दूध आम दूध के मुकाबले ज्यादा फायदेमंद होता है. इसका इस्तेमाल कॉस्मेटिक्स और फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स बनाने में किया जाता है.

यही वजह है कि इसकी डिमांग और कीमत दोनों बहुत अधिक है.

